आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹101520/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹123990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹135346/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025



# न साइकिल बांटी, न सिलाई मशीन, श्रमिकों की सेहत की भी फिक्र नहीं की, पांच साल तक एक धेला खर्च नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

क्या किसी लोक कल्याणकारी राज्य सरकार से ये उम्मीद की जा सकती है कि वह अपने राज्य के गरीबों, श्रमिकों के लिए योजनाएं बनाए और राशि का प्रावधान करने के बाद भी पांच साल तक उस पर कोई राशि या कहें एक धेला भी खर्च न करे। निश्चित ही ये उम्मीद भले ही कोई न करे, लेकिन छत्तीसगढ़ में 2018 से ▶▶|शेष पेज 7 पर

## सीएजी की रिपोर्ट से हुआ ये खुलासा




श्रमिकों को भोजन भी नहीं बांट पाए

### करोड़ों रुपयों की योजनाओं पर रकम नहीं की खर्च

रिपोर्ट में बताया गया है कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल को आवंटित ₹ 329.41 करोड़ में से 210.75 करोड़ रुपए यानी (64 प्रतिशत) का व्यय किया गया, जबकि छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल द्वारा ₹ 44.86 करोड़ की उपलब्ध निधि में से केवल ₹ 21.27 करोड़ व्यय किया गया।

### योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू नहीं की

सीएजी की रिपोर्ट में राज्य सरकार की इस विफलता के लिए कहा गया है कि यह इंगित करता है कि सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों, जो योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए महत्वपूर्ण है, प्रभावी ढंग से लागू नहीं की गई।

### पांच साल में इन योजनाओं पर धेला खर्च नहीं

रिपोर्ट के मुताबिक यह देखा गया कि विवाह सहायता, सायकल वितरण, सिलाई मशीन, औजार, उपकरण, आदि जैसी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लगातार व्यय नहीं किया गया था, जबकि असंगठित और संगठित क्षेत्र के कुल 50 योजनाओं में से 10 (स्मार्ट वेडिंग कार्ट के लिए सहायता, ई-टेला सहायता योजना, सफाई कर्मकार हेतु ओपीडी उपचार, ठेका मजदूर और हमाल कामगार हेतु ओपीडी उपचार, मुख्यमंत्री सायकल रिक्शा, निःशुल्क बैसाखी, कॅलिपर्स , श्रवण यन्त्र वितरण, निःशुल्क सायकल वितरण, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर तथा निःशुल्क चश्मा वितरण, कर्मकारों हेतु आकस्मिक मृत्यु सहायता और कर्मकारों हेतु खेल प्रतियोगिताएं) में वर्ष 2018-19 से 2022-23 की अवधि के दौरान कोई व्यय नहीं किया गया था।

### छह साल तक श्रमिकों को सायकिल नहीं बांट पाए

इन योजनाओं के अलावा 17 अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के हाल का खुलासा सीएजी की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 17 योजनाओं में. वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान केवल 12.42 लाख श्रमिकों को लाभान्वित किया गया, जो विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के कवरेज में कमी को इंगित करता है। साइकिल वितरण योजना के लिए सायकलों के क्रय में अनियमितताएं पाई गई क्योकि रायपुर जिले में 695 साइकिले श्रमिकों को छः वर्षों तक अवितरित रही। कमियां जैसे ई-रिक्शा के क्रय के लिए वित्तीय सहायता जारी करने में विलंब, साइकिल ▶▶|शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### भूपेश बोले-नड्डा ने किया शहीदों का अपमान

**सोशल मीडिया में ट्वीट कर किया कटाक्ष**



**रायपुर।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, आज फिर एक बार छत्तीसगढ़ आकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झीरम की घटना में अपनी जान गंवाने वाले शहीदों का अपमान किया है। सबसे पहले तो एनआईए सहित सुरक्षा एजेंसियों को जेपी नड्डा जी से पूछताछ कर उनके दावों के सबूत मांगने चाहिए।
जेपी नड्डा जी! नक्सलियों के हमले में हमने अपने नेताओं की जान गंवाई है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सोनिया और राहुल को हाईकोर्ट का नोटिस



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की कानूनी मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है, जिसमें ट्रायल कोर्ट के एक हालिया फैसले को चुनौती दी गई है। निचली अदालत ने तकनीकी आधार पर ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इंकार कर दिया था।

## साय सरकार की तारीफ, जो कहा, वो किया, जो नहीं कहा, वो भी करके दिखा दिया

# झीरम कांड पर भाजपा अध्यक्ष नड्डा का हमला कहा- 'उनके' ही लोग उनको मरवाने में लगे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर, चांपा

विष्णुदेव साय सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित जनादेश परब उत्सव में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए तारीफ तो की है, साथ ही कांग्रेस पर हमलावर भी हुए। झीरम घाटी पर उन्होंने बड़ा बयान दिया। श्री नड्डा ने कहा कि झीरम घाटी हमला जब हुआ, उस समय वे छत्तीसगढ़ के प्रभारी थे। उन्होंने बड़ी जिम्मेदारी के साथ यह बात कही कि झीरम की घटना उन्होंने देखी है, इसकी जानकारी और अंदर की खबर कोई और नहीं दे रहा था, बल्कि उनके बीच के लोग ही अपने लोगों को मरवाने मे लगे थे और नक्सलवाद से संपर्क कर रहे थे। नड्डा ने कहा कि घोड़ा घास से दोस्ती करेगा तो खाएगा क्या, जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो आम जनता का क्या होगा।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति से नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर रही है और 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकारें नक्सलियों से समझौता करती थीं, जबकि भाजपा सरकार निर्णायक कार्रवाई कर रही है। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि "भाजपा की पहचान है-जो कहा, वो किया और जो नहीं कहा, वो भी करके दिखाया।"

श्री नड्डा ने कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार गांव, गरीब, पीड़ित, दलित, शोषित और आदिवासियों के लिए समर्पित सरकार है। अल्प कार्यकाल में ही छत्तीसगढ़ में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में 32 हजार से अधिक ▶▶|शेष पेज 7 पर



### कांग्रेस की राजनीति अवसरवादी

श्री नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति भ्रष्टाचार, नक्सलवाद से समझौता और अवसरवाद पर आधारित रही है। एस आई आर का विरोध करते हैं और संसद में जब बातचीत होती है तो यह उपस्थित नहीं रहते। भाजपा रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच जाती है और विकास के दम पर आगे बढ़ती है।

### इन्होंने किया संबोधित

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी ने भी संबोधित किया और सरकार की नीतियों व योजनाओं को जनकल्याणकारी बताया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, मंत्री टंकराम वर्मा, खुशवंत साहेब, लखन देवांगन, गजेंद्र यादव जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



### साय बोले- विकास पथ पर छग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने भाजपा सरकार के दो वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने हर वर्ग के लिए ठोस और परिणामकारी कार्य किए हैं।

## दो से ढाई सौ करोड़ मिलने का दावा

# शराब घोटाले में ईओडब्लू की चैतन्य के खिलाफ 3800 पन्नों की चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राज्य के चर्चित ढाई हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले में ईओडब्लू ने सोमवार को स्पेशल कोर्ट में चैतन्य बघेल के खिलाफ 3800 पन्नों की पूरक चालान पेश किया है। चैतन्य बघेल शराब घोटाले के आरोप में पिछले छह महीने से जेल में बंद हैं। चार्जशीट में दावा किया गया है कि उसे घोटाले से 200-250 करोड़ रुपए मिले। जांच एजेंसी के दावों के मुताबिक चैतन्य को उक्त राशि सिंडिकेट के माध्यम से अवैध उगाही से मिली है। जांच एजेंसी के मुताबिक घोटाले में चैतन्य बघेल की सीधी संलिप्तता ▶▶|शेष पेज 7 पर

### चैतन्य के कंट्रोल में था सिंडिकेट

ईडी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि शराब घोटाला करने अलग अलग लेयर में बनाए गए सिंडिकेट पर पूरा नियंत्रण चैतन्य बघेल का था। इकट्ठा की गई अवैध रकम का हिसाब भी चैतन्य बघेल रखता था। कलेक्शन, चैनलाइजेशन और वितरण से जुड़े सभी प्रमुख फैसले उसके डायरेक्शन पर लिए जाते थे। आरोप है कि चैतन्य बघेल घोटाले की राशि को अपने रियल एस्टेट बिजनेस में लगाया। उसे वैध संपत्ति के रूप में दिखाने की कोशिश की।

### पूर्व आबकारी आयुक्त जेल दाखिल

रायपुर। शराब घोटाले के आरोप में पहले से जेल में बंद निरंजन दास को ईडी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ़्तारी के बाद ईडी ने दास को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने तीन दिनों की पुलिस रिमांड हासिल की थी। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद ईडी ने निरंजन दास को सोमवार को ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर पूर्व आबकारी ▶▶|शेष पेज 7 पर




## मामूली विवाद पर हत्या

# थप्पड़ का बदला लेने जवान ने साथी को मार दी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़



छग-महाराष्ट्र बार्डर पर स्थित घाघरा ग्राम में दो सीएएफ जवानों के बीच मामूली विवाद खूनी जंग तक बदल गया। थप्पड़ जड़ने को लेकर हुए इस विवाद में आरोपी जवान ने अपने साथी को सर्विस रायफल से गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी को स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार भी कर लिया गया है। पुलिस से मिली ▶▶|शेष पेज 7 पर

### मौके पर पहुंचे अफसर, जांच शुरू

घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी ममता अली, गातापार थाना प्रभारी अंबरीश शर्मा भी मौके पर पहुंचे और हत्यारे जवान अरविंद गौतम को सुरक्षागत और जांच संबंधी तकनीकी साक्ष्य जुटाने बेस कैम्प में ही रखे हुए थे। मृतक सोनवीर को पीएम बाद देर शाम सीएएफ जवानो के साथ गृहग्राम अलीगढ़ रवाना किया गया।

## सीएम साय ने दिखाए सख्त तेवर

# कांकेर एसपी एलेसेला पर गिरी गाज, तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



निखिल अशोक कुमार रखेचा नए एसपी

राज्य शासन ने कांकेर और गरियाबंद जिले के पुलिस अधीक्षकों के तबादले करते हुए तीन आईपीएस के प्रभार में बदलाव किया है। इनमें कांकेर जिले के एसपी को वहां पर धर्मांतरित व्यक्ति के शव को चारामा के कब्रिस्तान में दफनाने पर, सर्व समाज हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता विरोध के चलते हटा दिया गया। संगठन के लोगों ने कब्रिस्तान के सामने प्रदर्शन किया था। मामले में कांकेर जिले के कई ग्रामों में धर्मांतरण के विरोध में पोस्टर भी लगाए गए थे। इस मामले पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सख्त तेवर दिखाए। मामले में पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला को कानून व्यवस्था संभालने में चूक मानते हुए वहां से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर गरियाबंद जिले में पदस्थ पुलिस अधीक्षक को वहां भेजा गया है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश ▶▶|शेष पेज 7 पर

VIT®
Vellore Institute of Technology
(Deemed to be University under section 3 of UGC Act, 1956)

सही दिशा में पहला कदम, बेहतरीन करियर की ओर

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS
SUSTAINABILITY | 2026

| भारत रैंक | विश्व रैंक | संस्थान का नाम | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | 205 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी दिल्ली (IIT-Delhi) | 83.1 |
| 2 | 235 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (IIT-BOMBAY) | 81.4 |
| 3 | 236 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी खड़गपुर (IIT-KGP) | 81.3 |
| 4 | 241 | दिल्ली विश्वविद्यालय (University of Delhi) | 80.9 |
| 5 | 305 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मद्रास (IIT-Madras) | 77.3 |
| 6 | 310 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कानपुर (IITK) | 77 |
| 7 | 352 | वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (VIT) | 74.9 |
| 7 | 352 | इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रुड़की (IIT-Roorkee) | 74.9 |
| 9 | 462 | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस (IISc) बैंगलोर | 70.5 |
| 10 | 467 | मणिपाल एकेडमी ऑफ़ हायर एजुकेशन, मणिपाल | 70.3 |

Source : https://www.topuniversities.com/sustainability-rankings

For further information about VITEEE 2026 scan the QR code



www.vit.ac.in

# Agriculture & Industrial Needs

## किसान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक

**हरिभूमि**

रायपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Contact for Ad
Mob.: 9340808313


**KSC TECHNO PVT. LTD.**
Pioneering a Digital Revolution

जम्मो किसान भाई मन ल राष्ट्रीय किसान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
के एस सी टेक्नो किसानों का साथी लाये खुशियों में वृद्धि

Sunit Chaturvedi
CEO & MD
KSC Techno Pvt. Ltd.

धान की फसल में भूरा माहू के नियंत्रण हेतु सर्वोत्तम कीटनाशक

स्मार्ट खेती की नई पहल
उन्नत बीज | उत्तम फसल समाधान | उन्नत तकनीक

-:Corporate Office:-
3rd Floor, Orchid Centre, IILM Institute, Sector 53, Gurugram, Haryana-122022
Mob.:- +91 90391 95222, +91 96916 52114
ksctechno70@gmail.com, chaturvedi.sunit70@gmail.com



**aries agro limited**

प्रिय किसान भाईयों और बहनों,
एरीज एग्रो लिमिटेड की ओर से आपको राष्ट्रीय किसान दिवस की शुभकामनाएं...

MAJORSOL | FertiMAX HD

aries agro limited
Office: Ring Road No. 1, Indraprasth Phase-II
2nd Floor, Raipura, Raipur (C.G.)-492013 GST-22AAACA5035G1ZB
Mob. 9137852800, 9137852801



**GREEN FIELD AGRICO**

ग्रीन फील्ड

जम्मो किसान भाई मन ल
राष्ट्रीय किसान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

नांगर फॉल/रोटावेटर ब्लेड

70-11-13" EMSON AUTO
GREEN FIELD

पडलर | रोटावेटर | रीजर (3 फेरो) | डिस्क हैरो

निर्माता: एमसन ऑटो
9 ब्लॉक भनपुरी, रायपुर (छ.ग.), फोन : 0771-2224452, 4030531
098261-64452, 099930-30531



छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**AVK**®

राष्ट्रीय किसान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

''फसलों की पैदावार हो ज्यादा और साथ ही दे फसलों को सुरक्षा का वादा''

किसान का जीवन सबसे आदर्श जीवन होता है जिसमें परिश्रम, त्याग और संतोष होता है

KALA HEERA
काला हीरा
HUMIC ACID 55%
SEAWEED 10%

Dose - 1-2 Kg/acre

**AVK AGRO LIFE SCIENCE**
(ISO 9001:2015 Certified Company)
9303773363 sales@avkagrolifeandseeds.com
P.H.No. 11, Khasra No. 566, Village-Khilora, Old Dhamtari Road, Near CG Housing Board Colony, Teh- Abhanpur Dist- Raipur (C.G.)



AANDRAYA ENTERPRISES | ए.एन.आटोमोबाईल

राष्ट्रीय किसान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

संचालक
अनुराग सेन

सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

- 1 साल का कॉम्प्रेसिव बीमा मुफ्त*
- पहली EMI 60 दिन के बाद
- एक्सचेंज सुविधा उपलब्ध

BULL

नया स्वराज मेरा SWARAJ
हर ट्रेक्टर पर एक निश्चित उपहार

TELESCOPIC LOADER
SPECIAL DISCOUNT 21000/-

MALKIT - 997 Deluxe Model
इंडिया का पहला इंटेलिजेंट हार्वेस्टर SWARAJ 8200

Authorized Distributor:
**AANDRAYA ENTERPRISES**
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
Beside Indian Bank, Dhamtari Road, Abhanpur, Dist-Riapur-493661, Mob. 9713955115, 7089000180

**A.N. AUTOMOBILE**
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
9174511635, 7697955115

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

# पहाड़ में जंगलों के बीच मिली नक्सलियों की हथियार फैक्ट्री

### बस्तर में बड़े हमले की थी तैयारी, सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा

नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने हथियार एवं विस्फोटक सामग्री निर्माण फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। उसे सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया है। कार्रवाई में 150 सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस बल सुकमा की विशेष भूमिका रही। खुफिया सूचना के आधार पर चलाए गए सर्च आपरेशन के दौरान जगरगुंड़ा एरिया के ग्राम मीनागट्टा इलाके के घने जंगल पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा संचालित अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का पता चला। फैक्ट्री को सुरक्षा बल ने ध्वस्त कर दिया। मौके से 8 सिंगल शॉट रायफल, हथियार बनाने के उपकरण, मशीनें, गन पार्ट्स, बड़ी मात्रा में विस्फोटक तथा हथियार निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में यह फैक्ट्री नक्सलियों द्वारा क्षेत्र में सशस्त्र गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाई ▸▸|शेष पेज 7 पर

### फैक्ट्री से मिले सामान

नक्सलियों की आर्डिनेंस फैक्ट्री में सिंगल शॉट राइफल 8, 12 बोर कारतूस, 15 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 5, कॉर्डेक्स वायर 30 मीटर, मल्टीमीटर 1, सेफ्टी फ्यूज 30 मीटर, पीईके विस्फोटक 2 किलोग्राम, एएनएफओ विस्फोटक 1 किलोग्राम, अमोनियम नाइट्रेट 10 किलोग्राम, वायरलेस वीएचएफ सेट 8, वेल्डिंग मशीन 1, कटर मशीन 1, नक्सली वर्दी एवं वर्दी निर्माण सामग्री, नक्सली साहित्य तथा संदिग्ध सिंगल शॉट राइफल तथा अन्य सामग्री बरामद की गई है।

### सप्लाई नेटवर्क को जड़ से मिटाएंगे

पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा पुलिस शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। नक्सलियों की हिंसक विचारधारा और उनके सप्लाई नेटवर्क को जड़ से मिटाने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेंगे।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### हवाई मार्ग से राजस्थान के बूंदी लाई गई बाघिन



**बूंदी।** राजस्थान में बाघों की अनुवांशिक विविधता बढ़ाने और संरक्षण प्रयासों को मजबूती देने के लिए मध्य प्रदेश के पेंच बाघ अभयारण्य से तीन वर्षीय बाघिन को हवाई मार्ग से यहां लाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने इसे वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। हेलीकॉप्टर से यह सफर करीब ढाई घंटे में पूरा हुआ।

### कार ने डंपर को टक्कर मारी, चार की मौत

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के नांगल थाना क्षेत्र में एक डंपर ट्रक से पीछे से टकराई कार में सवार एक इस्लामिक विद्वान सहित चार लोगों की मौत हो गई। जालपुर के पास एक कार आगे चल रहे डंपर में जा घुसी, जिससे कार सवार चार लोगों की मौत हो गई।

*अमेरिका की सोशल मीडिया वेटिंग पॉलिसी ने बढ़ाई मुसीबत*

# एच-1बी वीजा पर नया संकट
# भारत में फंसे हजारों एनआरआई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिका की सोशल मीडिया वेटिंग पॉलिसी की वजह से अब एच-1बी वीजा के लिए अपॉइनमेंट अगले साल के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब दिसंबर में होने वाले इंटरव्यू मार्च में होंगे। ऐसे में भारत आए बड़ी संख्या में एनआरआई अब यहीं फंस गए हैं। वीजा रिन्यूअल में देरी की वजह से गूगल ने अपने कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय यात्रा से बचने की सलाह दी है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी दूतावास ने जिन भारतीयों के अपॉइनमेंट 15 से 26 दिसंबर के बीच तय किए थे, उनके अपॉइनमेंट बिना किसी पूर्व सूचना के ही रद्द कर दिए गए। कई दिग्गज कंपनियों का कहना है कि इस तरह का मामला पहली बार देखा जा रहा है। यह बहुत बड़ी समस्या है और आगे का कोई पुख्ता प्लान भी नजर नहीं आ रहा है। अमेरिका में रहने वाला एक शख्स शादी में शामिल होने के लिए ▸▸|शेष पेज 7 पर



*अमेरिका की इमिग्रेशन को लेकर सख्ती के बीच भारत के एच-1बी वीजा होल्डर लोगों के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। अपना वर्क परमिट रिन्यू कराने भारत आए प्रवासी अब अमेरिका लौट ही नहीं पा रहे हैं। अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने अचानक उनके वीजा अपॉइंटमेंट रद्द कर दिए और नई तारीखें कई महीनों बाद की दी गई हैं।*

### क्या है सोशल मीडिया वेटिंग पॉलिसी

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी और एच-4 विजा के लिए सोशल मीडिया स्क्रीनिंग की नीति लागू की है। वीजा जारी करने या फिर रिन्यू करने से पहले व्यक्ति की सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच की जाएगी। ऐसे में वीजा के लिए अप्लाई करने से पहले ही सोशल मीडिया प्रोफाइल की प्रिवेसी सेटिंग में भी बदलाव करना होगा और इसे पब्लिक करना होगा। बता दें कि सितंबर में ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर का शुल्क लगा दिया था।

- अमेरिकी दूतावास ने अचानक रद्द किए अपॉइंटमेंट
- गूगल ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा से बचने की दी सलाह




### ट्रंप के फैसले ने कैसे बढ़ाई मुसीबत?

यह घटनाक्रम एच-1बी कार्यक्रम को लेकर चल रहे विवादों की एक और कड़ी है। कभी अमेरिकी आव्रजन नीति की रीढ़ माने जाने वाले इस कार्यक्रम के तहत उच्च-कुशल पेशेवरों को अमेरिका में काम और रहने की अनुमति मिलती थी। एच-1बी वीजा पाने वालों में 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय हैं। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके कई सहयोगियों ने इसे लेकर सख्त रुख अपनाया है, जो व्यापक एंटी-इमिग्रेशन नीति का हिस्सा माना जा रहा है. सितंबर में ट्रंप प्रशासन ने नए एच-1बी आवेदनों पर 1 लाख डॉलर का शुल्क भी लगाया था।

### गूगल ने अपने कर्मचारियों को दी सलाह

इस बीच गूगल के एक आंतरिक मेमो ने स्थिति की गंभीरता को और उजागर कर दिया। कंपनी हर साल करीब 1,000 एच-1बी वीजा कर्मचारियों को नियुक्त करती है। मेमो में कर्मचारियों को चेतावनी दी गई कि जिन्हें अमेरिका लौटने के लिए वीजा स्टैंप की जरूरत है, वे फिलहाल देश से बाहर न जाएं, क्योंकि वीजा प्रोसेसिंग का समय काफी बढ़ गया है।

### अमेरिकी दूतावास ने क्या कहा

अमेरिका का कहना है कि सुरक्षा कारणों से अब वीजा रिन्यू करने में काफी सावधानी बरती जा रही है। इस वजह से प्रक्रिया में थोड़ा समय लगेगा। इससे पहले 9 दिसंबर को भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा था कि अगर आपको री-शेड्यूल का मेल मिला है और इसके बाद भी आप दूतावास आते हैं तो आपको एंट्री नहीं दी जाएगी।

**बड़ी सौगातः एसबीआई से एमओयू**

# राज्य कर्मचारियों को बिना प्रीमियम मिलेगा 1.60 करोड़ तक का बीमा कवर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के नियमित शासकीय कर्मचारियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू के तहत एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले कर्मचारियों को करोड़ों रुपये का बीमा कवर पूरी तरह निःशुल्क मिलेगा।

एमओयू के अनुसार कर्मचारियों को एक करोड़ रुपए का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, एक करोड़ ▸▸|शेष पेज 7 पर



### मजबूत सुरक्षा कवच साबित होगा-साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए लगातार ठोस फैसले ले रही है। एसबीआई के साथ यह एमओयू कर्मचारियों और ▸▸|शेष पेज 7 पर

### कर्मचारी-हितैषी नीति

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि यह समझौता कर्मचारियों को आर्थिक जोखिम से बचाने की दिशा में अहम पहल है। बिना ▸▸|शेष पेज 7 पर



# धमतरी में तेंदुए को मारकर पंजे उखाड़ ले गए शिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




हरिभूमि फॉलोअप

राज्य में वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार रात धमतरी वनमंडल के उत्तरी सिरपुर में तेंदुए के शिकार की घटना सामने आई है। तेंदुए की बॉडी एक कुंए में पाई गई है। जब उसे बाहर निकालकर देखा गया तो उसके पैर के चारों पंजे गायब मिले। तेंदुए के शिकार की पुष्टि वन अफसरों ने भी की है।

तेंदुआ के शिकार की जानकारी मिलने के बाद वन अफसरों में हड़कंप मच गया है। शिकारियों की पतासाजी करने जंगल सफारी से डॉग स्क्वायड की टीम रवाना की गई है। वन विभाग के आला अफसरों की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है।

### एक माह के भीतर इतने शिकार

नवंबर से दिसंबर माह के भीतर 10 से अधिक वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं सामने आई हैं। एक माह के भीतर सूरजपुर में बाघ के शिकार की घटना के साथ ही भोरमदेव में तेंदुआ, चार बायसन, खैरागढ़ में तेंदुआ तथा कवर्धा में बायसन, साथ ही बलौदाबाजार वनमंडल में बायसन का गला काटने तथा यूएसटीआर में सांभर एवं गोमर्डा में जंगली सूअर के शिकार की घटना सामने आ चुकी है।

### अब 24 घंटे में पूरी करनी होगी वैष्णोदेवी की यात्रा



**जम्मू।** मां वैष्णो देवी की यात्रा को लेकर नियमों में कुछ बदलाव किया गया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की तरफ से कहा गया कि यात्रा शुरू करने से पहले पंजीकरण के साथ ही आरएफआईडी यात्रा कार्ड प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके लिए सभी श्रद्धालुओं को आरएफआईडी यात्रा कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। कार्ड मिलने के बाद श्रद्धालुओं को 10 घंटे के भीतर अपनी मां वैष्णो देवी की यात्रा शुरू करनी होगी। इसके अलावा श्रद्धालुओं को 24 घंटे के भीतर अपनी यात्रा पूरी करनी होगी। यात्रा पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं को 24 घंटे के भीतर आधार शिविर कटरा वापस आना होगा। ये नए नियम श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं।

# 8 करोड़ की ठगी के बाद पूर्व आईजी ने खुद को मारी गोली

एजेंसी ▸▸| पटियाला



भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी अमर सिंह चहल ने सोमवार को यहां कथित तौर पर खुद को गोली मार ली जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। चहल ने एक पत्र में कथित रूप से कहा है कि साइबर ठगों ने खुद को धन प्रबंधन सलाहकार बताकर उनसे 8.10 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की थी। पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चहल, फरीदकोट में 2015 में हुए बेअदबी विरोधी ▸▸|शेष पेज 7 पर

### 12 पन्नों का सुसाइड नोट

चहल ने 12 पन्नों का सुसाइड नोट लिखा है। यह उन्होंने पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव कपूर के नाम लिखा है, जिसमें उन्होंने अपने साथ 8.10 करोड़ की साइबर ठगी की बात लिखी है।और इस वजह से वह मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने खुद को गोली सुरक्षा कर्मी की रिवाल्वर से मारी है। अब इस पूरे मामले में पटियाला पुलिस जांच में जुट गई है।

### परिवार और सहकर्मियों से मांगी माफी

गहरी पीड़ा, आर्थिक रूप से बर्बादी और भावनात्मक आघात व्यक्त करते हुए, चहल ने लिखा कि वह तबाह और शर्मिंदा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने अपने परिवार और सहकर्मियों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि कथित ठगों के अलावा, उनके इस फैसले के लिए कोई और जिम्मेदार नहीं है।

# इंजन में खराबी, मुंबई जा रहा विमान दिल्ली लौटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली





मुंबई जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 777 विमान सोमवार सुबह एक इंजन में खराबी के कारण राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। लगभग 335 लोगों को ले जा रहा विमान दिल्ली लौटने से पहले करीब एक घंटे तक हवा में रहा। विमान को आपात स्थिति में उतारा गया। 22 दिसंबर को दिल्ली से मुंबई जाने वाली उड़ान एआई887 के चालक दल ने मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली लौटने का फैसला किया। एयरलाइन ने बताया कि विमान दिल्ली में सुरक्षित रूप से उतर गया है।

**मप्र स्टेट साइबर पुलिस की एडवाइजरी में खुलासा**

# देशभर में 68 करोड़ के ईमेल आईडी-पासवर्ड लीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

देशभर आम लोगों के ईमेल और पासवर्ड लीक हुए हैं। मध्य प्रदेश में तो वीवीआईपी और राजनेता भी असुरक्षित हैं। वे भी हैकर्स के निशान पर हैं। साइबर पुलिस की ऑनलाइन सर्चिंग बेवसाइट (हैव आई बीन पॉन्ड)से खुलासा हुआ है। भाजपा के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से लेकर दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी का भी ईमेल हैक करने की कोशिश की गई है। वहीं, मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना और ईओडब्ल्यू डीजी का ईमेल पूरी तरह से सिक्योर है। साइबर एसपी प्रणय नागवंशी ने 'हरिभूमि' को बताया कि 19 दिसंबर को मध्य प्रदेश साइबर सेल को 68 करोड़ लोगों के ईमेल और पासवर्ड लीक होने की जानकारी मिली थी। तत्काल लोगों को अलर्ट करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई। सभी को पासवर्ड बदलने के लिए कहा गया है। नागवंशी ने प्रदेश के करीब 12 लाख से ज्यादा ईमेल और पासवर्ड हैक करने की कोशिश हुई।



**ऐसा पासवर्ड रखेंः** साइबर टीम का कहना है कि टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करना चाहिए। यह एक अतिरिक्त सुरक्षा परत है जो आपके खाते को और सुरक्षित बनाती है। मजबूत अल्फा-न्यूमेरिक पासवर्ड बनाने की सलाह दी गई है, जिसमें अक्षर, संख्याएं और विशेष चिन्ह शामिल हों। साइबर फ्रॉड की स्थिति में मदद के लिए आप ps.cybercell-bpl<\@>mppolice.gov.in पर ईमेल कर सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर 7587646775 पर संपर्क कर सकते हैं।

### रविवार को हैकिंग की जानकारी लगी

स्टेट साइबर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है, जिसमें बताया गया है कि हाल ही में लगभग 68 करोड़ इंटरनेट यूजर्स के ई-मेल आईडी और पासवर्ड साइबर अपराधियों के हाथ लग गए हैं। यह जानकारी रविवार को सामने आई। स्टेट साइबर पुलिस के अनुसार, यह डेटा लीक और साइबर ठगी के बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों को सतर्क करने की एक पहल है।

### हर वेबसाइट और एप के लिए अलग पासवर्ड रखें

स्टेट साइबर एसपी प्रणय नागवंशी ने बताया कि प्रत्येक वेबसाइट या एप के लिए अलग-अलग पासवर्ड रखना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, किसी भी संदिग्ध ईमेल, एसएमएस या लिंक पर क्लिक करने से बचना चाहिए। अनजान एप या वेबसाइट पर लॉग इन करने से भी परहेज करना चाहिए। नागवंशी ने यह भी बताया कि यह एडवाइजरी इसलिए जारी की गई है क्योंकि कई लोगों का डेटा डार्क वेब या डीप वेब पर लीक होता रहता है।




## यूक्रेन के अधिकारियों ने किया है वीडियो जारी

# गुजराती छात्र को रशियन आर्मी में शामिल होने किया मजबूर


## जंग के दौरान यूक्रेन में छात्र ने किया सरेंडर, पीएम मोदी से मांगी मदद

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

यूक्रेनी सेना की गिरफ्त में आए गुजराती स्टूडेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वापसी के लिए गुहार लगाई है। गुजरात के मोरबी जिले के रहने वाले युवक को इस वीडियो को यूक्रेनी अधिकारियों ने साझा किया है। साहिल मोहम्मद हुसैन नाम के युवक ने इस वीडियो में बताया है कि वह स्टूडेंट वीजा पर रूस गया था। वहां वह पढ़ाई के साथ एक कूरियर फर्म में पार्टटाइम जॉब कर रहा था। स्टूडेंट ने कहा कि उसे ड्रग्स के एक झूठे केस से छुटकारा देने के लिए रशियन मिलिट्री में शामिल को मजबूर किया गया। 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद उसे फ्रंटलाइन पर भेज दिया था। जहां उसे यूक्रेनी सेना के सामने सरेंडर किया। युवक ने लोगों से रिक्वेस्ट की है कि वे किसी भी हालत में रशियन मिलिट्री में शामिल न हों। गौरतलब हो कि यह मामला दो महीने में प्रकाश में आया था।

### केस वापस लेने की थी डील

युवक ने वीडियो में कहा है कि रूस में पुलिस ने उसे ड्रग्स के झूठे केस में फंसाया, और वादा किया कि अगर वह रूसी सेना में काम करेगा तो केस वापस ले लिया जाएगा। युवक ने कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में भारत आए थे। मैं सरकार से रिक्वेस्ट करना चाहूंगा कि वह पुतिन से मेरी सुरक्षित घर वापसी के लिए बात करे। यूक्रेनी सेना ने गुजरात में उसकी मां को वीडियो भेजे थे। उनसे कहा था कि वह रूसी सेना में सेवा करने के लिए भारतीयों को धोखा दिए जाने के बारे में जागरूकता फैलाएं। साहिल मोहम्मद हुसैन के परिवार की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। वह एक बेहद सामान्य परिवार से आता है।





### परिवार ने दाखिल की याचिका

गुजरात के मोरबी में रहने वाले परिवार ने बेटे की सुरक्षित वापसी के लिए दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर की है। याचिका पर अगली सुनवाई फरवरी में होगी। युवक 2024 में पढ़ाई के लिए रूस गया था। युवक ने बताया है कि वह फाइनेंशियल और वीजा की दिक्कतों की वजह से मैं कुछ रूसियों के टच में आया जो नारकोटिक्स में निकले। मैंने कुछ नहीं किया। रूस ने ड्रग्स के चार्ज में कम से कम 700 लोगों को जेल में डाला था, लेकिन जेल अधिकारियों ने उन्हें रशियन मिलिट्री में शामिल होकर चार्ज हटवाने का ऑप्शन दिया। वीडियो में उसने कहा है कि मैं निराश महसूस कर रहा हूं। मुझे नहीं पता कि क्या होगा, लेकिन रूस आने वाले युवाओं के लिए मेरे पास एक मैसेज है, सावधान रहें। यहां कई स्कैमस्टर हैं जो आपको ड्रग्स के झूठे केस में फंसा सकते हैं।

### यह कहा विदेश मंत्रालय ने

साहिल मोहम्मद हुसैन ने वीडियो में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करना चाहता हूं, प्लीज मदद करें। यह भी जानकारी सामने आई है कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 5 दिसंबर को कहा कि भारत अपने उन नागरिकों की रिहाई के लिए एक्टिवली काम कर रहा है जो रशियन आर्म्ड फोर्सेज में शामिल हो गए हैं। मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी ने यह मामला रूस के प्रेसिडेंट के सामने उठाया था। इस बात पर जोर दिया कि रूसी आर्मी से भारतीय नागरिकों की जल्द रिहाई के लिए हमारी लगातार कोशिशें रेगुलर जारी हैं।

#### रूसी सेना में अब भी 50 भारतीय फंसे, जंग में 26 की मौत

यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान रूसी सेना में भर्ती हुए 50 भारतीय अब भी वहां फंसे हुए हैं। केंद्र सरकार ने संसद में बताया कि इस युद्ध में अब तक 26 भारतीयों की मौत हो चुकी है, जबकि 7 भारतीय लापता हैं। सरकार के मुताबिक, कुल 202 भारतीय रूसी सेना में भर्ती हुए थे। इनमें से 119 भारतीयों को छुड़ाकर भारत वापस लाया जा चुका है। बचे हुए लोगों की सुरक्षित वापसी के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

---

## खबर संक्षेप

### बान्डी बीच कांड : सीक्रेट जगह ली थी ट्रेनिंग



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर 14 दिसंबर को हुए आतंकी हमले के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। कोर्ट में पेश किए गए दस्तावेजों के मुताबिक, इस हमले के आरोपी बाप-बेटे ने एक गांव के सीक्रेट इलाके में बंदूक चलाने की ट्रेनिंग ली थी। दस्तावेज में बताया गया है कि 50 साल के साजिद अकरम और उनके 24 साल के बेटे नवीद अकरम का एक वीडियो मिला है। इस वीडियो में दोनों राइफल और शॉटगन पकड़े हुए नजर आते हैं और ऐसे तरीके से चलते दिखते हैं जैसे किसी खास तरह की ट्रेनिंग ले रहे हों।

### अल-फलाह पर शिकंजा कसने के लिए बिल पास

**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल का सेंटर पॉइंट बनी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी की मुसीबत खत्म होने नाम नही ले रही है। अब हरियाणा सरकार शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है। विधानसभा में शिक्षा मंत्री द्वारा पेश किया हरियाणा निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 पास हो चुका है। इस बिल के पास होने से सरकार यूनिवर्सिटी पर कार्रवाई कर सकती है। दिल्ली के लाल किला ब्लास्ट का सुसाइड बॉम्बर डॉक्टर उमर नबी इसी अल-फलाह यूनिवर्सिटी में काम करता था। आतंक के इस नेटवर्क में यूनिवर्सिटी के दूसरे डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ शाहीन सईद जांच एजेंसी एनआईए की गिरफ्त में है।

### मॉस्को में कार बम धमाके में रूसी जनरल की मौत

**मास्को।** रूस में एक जनरल की कार बम धमाके में मौत हो गई है। रूसी जांच एजेंसी ने सोमवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल फैनिल सरवारोव, जो रूसी सेना के ऑपरेशनल ट्रेनिंग विभाग के चीफ थे। वह कार से कहीं जाने की तैयारी में थे, तभी उनकी कार के नीचे लगाया गया विस्फोटक फट गया। रूसी एजेंसी की ओर से जारी वीडियो में एक पार्किंग एरिया में खड़ी कार दिखाई गई, जिसका अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। इस मामले में एक सैन्य अधिकारी की हत्या का आपराधिक केस दर्ज किया गया है। रूसी एजेंसी इस घटना की जांच कर रही है।

---

### 'यह हमारे लिए सामान्य मामला' बांग्लादेश में दीपू चंद की हत्या के विरोध में हिंदुओं का प्रदर्शन

# अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश में सड़कों पर उतरे हिंदू, भारत में भी प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूनुस सरकार के कार्यकाल में बांग्लादेश में लगातार अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। हाल में सोमवार को मैमेनसिंह शहर में दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। इसके विरोध में, बांग्लादेश और भारत दोनों जगह हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया है। ढाका में हिंदू धार्मिक संगठनों और अल्पसंख्यक समूहों ने नेशनल प्रेस क्लब के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान अल्पसंख्यक अधिकार आंदोलन की छात्र प्रतिनिधि सुष्मिता कार ने कहा, '18 दिसंबर 2025 को, भीड़ द्वारा न्याय के नाम पर दीपू चंद्रदास नामक एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह निर्दोष था। हमें यह जानकारी मिली कि उसका अपने सहकर्मियों से कुछ विवाद था और उन्होंने कुछ अपशब्द कहे थे। यह हमारे लिए बहुत सामान्य मामला है क्योंकि पिछले साल हमने इस तरह के कई मामले देखे थे और हाल ही में यह मामला इतना बड़ा हो गया क्योंकि हर किसी ने सोशल मीडिया पर वीडियो देखा।'

### ईशनिंदा का झूठा आरोप

बांग्लादेश में दीपू दास को भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों में पीटकर मार डाला था। कारखाने में श्रमिक के तौर पर कार्यरत दीपू दास को भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों में पीटकर मार डाला था। हालांकि, मैमेनसिंह में आरएबी-14 के कंपनी कमांडर मोहम्मद शम्सुज्जमान ने शनिवार को 'द डेली स्टार' को बताया कि ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है, जिससे यह संकेत मिले कि दास ने सोशल मीडिया पर ऐसा कुछ पोस्ट किया था जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची हो।

### इधर, भारत में बांग्लादेश हाईकमीशन के बाहर प्रदर्शन

दीपू चंद्र की हत्या के विरोध में भारत की राजधानी नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई-कमीशन के बाहर भी प्रदर्शन हुआ। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ किया कि यह प्रदर्शन बेहद छोटा और शांतिपूर्ण था। इससे बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था।

### एक और हिंदू पर कलावा देखकर हमला

भारतीयों और अल्पसंख्यको की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच बांग्लादेश से एक और परेशान करने वाली घटना सामने आई है। दीपू चंद्र का मामला चल ही रहा है कि एक हिंदू रिक्शा चालक को हिंसक भीड़ ने पीटा। यह घटना शुक्रवार को खुलना डिवीजन के झेनैदाह जिले में हुई। हाथ में कलावा देखकर दंगाइयों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की पहचान गोबिंद बिस्वास के तौर पर की है।

**हसीना विरोधी एक और नेता को घर में घुसकर गोली मारी :** बांग्लादेश में शेख हसीना विरोधी एक और नेता पर हमला हुआ है। खुलना में सोमवार दोपहर 12 बजे नेशनल सिटिजंस पार्टी (एनसीपी) के नेता मोहम्मद मोतालेब शिकदर को घर में घुसकर गोली मार दी गई।

#### इधर बांग्लादेश ने भी वीजा सर्विसेज को किया सस्पेंड

भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच जवाबी कार्रवाई करते हुए नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन ने सोमवार को कांसुलर और वीजा सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। यह कदम बांग्लादेश के छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई भारी गिरावट के बीच उठाया गया है। इससे एक दिन पहले भारत ने बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटगांव में स्थित इंडियन वीजा एप्लीकेशन सेंटर में वीजा सेवाएं अगले आदेश तक रोक दी थीं। यह फैसला उस हिंसा के बाद लिया गया, जो शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद सामने आई। हादी पिछले साल शेख हसीना को सत्ता से हटाने वाले आंदोलन का प्रमुख चेहरा था। बांग्लादेश हाई कमीशन ने बयान जारी कर कहा, 'अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण नई दिल्ली स्थित मिशन से सभी कांसुलर और वीजा सेवाएं अगले आदेश तक अस्थायी रूप से निलंबित की जाती हैं।'

### यूनुस की शह पर हमले : हसीना



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे हमले के लिए अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को जिम्मेदार ठहराया है। हसीना के मुताबिक, कुछ कट्टरपंथी ताकतें खुलकर हिंसा कर रही हैं, जिन्होंने भारतीय दूतावास, मीडिया दफ्तरों और अल्पसंख्यकों पर हमले किए हैं। यूनुस सरकार ऐसे लोगों को संरक्षण दे रही है और यहां तक कि सजा पाए आतंकियों को भी रिहा किया गया है। एएनआई न्यूज एजेंसी को दिए एक मेल इंटरव्यू में हसीना ने कहा कि यूनुस सरकार की नीतियों से दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई है। अंतरिम सरकार भारत के खिलाफ बयान दे रही है और अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में नाकाम रही है।

---

### एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स

# बवाल के बाद मेलानिया के साथ ट्रम्प की फोटो फिर अपलोड



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में शामिल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो को फिर से जारी कर दिया है। इसमें मेलानिया ट्रम्प की भी तस्वीर है। डिपार्टमेंट ने कहा है कि इस फोटो में एपस्टीन मामले के किसी भी पीड़ित को नहीं दिखाया गया है। न्यूयॉर्क के सरकारी वकीलों ने पहले इस तस्वीर पर आपत्ति जताई थी, क्योंकि इससे पीड़ितों की पहचान उजागर होने का खतरा हो सकता था। इसलिए एहतियात के तौर पर इस तस्वीर समेत कुल 16 फाइलों को कल वेबसाइट से हटा दिया गया था। जांच के बाद ऐसा कोई खतरा नहीं मिला, इसलिए फोटो को बिना किसी बदलाव के दोबारा जारी कर दिया गया। इससे पहले सीएनएन ने बताया था कि एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों में से कई फाइलें वेबसाइट से हटा दी गई थीं। इनमें ट्रम्प की यह फोटो भी शामिल थी। कुछ अन्य फाइलों में आपत्तिजनक तस्वीरें और नोट्स थे।

### विपक्ष बोला- ट्रम्प को बचाने की कोशिश हो रही

तस्वीर हटाने के बाद डेमोक्रेट नेताओं ने आरोप लगाए कि सरकार ट्रम्प को बचाने की कोशिश कर रही है। हालांकि डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लांश ने साफ कहा कि इसका ट्रम्प से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों के अधिकारों से जुड़े समूहों ने फोटो हटाने को कहा था, ताकि सही जांच हो सके। जस्टिस डिपार्टमेंट ने कहा है कि वह पूरी पारदर्शिता रखता है और सिर्फ वही जानकारी हटाता है जो कानून के मुताबिक जरूरी हो। डिपार्टमेंट को पीड़ितों, नाबालिगों और संवेदनशील जानकारी की पहचान छिपानी होती है। बता दें, जस्टिस डिपार्टमेंट ने जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार रात ढाई बजे (भारतीय समय के मुताबिक) तीन लाख दस्तावेज जारी किए थे। इनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पॉप सिंगर माइकल जैक्सन जैसे दिग्गजों की तस्वीरें सामने आईं, हालांकि रिकॉर्ड्स में डोनाल्ड ट्रम्प का नाम लगभग नहीं के बराबर पाया गया। जबकि फरवरी में जारी एपस्टीन के निजी जेट के फ्लाइट लॉग्स में ट्रम्प का नाम सामने आ चुका है।

---

### एसआईआर में 58 लाख नाम हटाने का किया दावा

# ममता का आरोप, सरकार को बिना बताए बनाए जा रहे हैं पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला करते हुए सोमवार (22 दिसंबर, 2025) को आरोप लगाया कि राज्य में मतदाता सूचियों की अब तक की गई विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद प्रकाशित मसौदा सूचियों में भारी त्रुटियां हैं। ममता बनर्जी ने यहां नेताजी इनडोर स्टेडियम में तृणमूल कांग्रेस के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए इस कवायद को शुरू से आखिर तक त्रुटियों वाली करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार को सूचित किए बिना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर रहा है और भारतीय जनता पार्टी (BJP) के हितों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दावा किया, 'निर्वाचन आयोग केवल भाजपा के निर्देशों पर काम कर रहा है।' ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य में एसआईआर प्रक्रिया के गणना के चरण में मतदाताओं की मैपिंग में भारी त्रुटियां हुई हैं।

### हम सहयोग देंगे लेकिन पुरा ब्योरा दो

बनर्जी ने कहा, 'कई केंद्रीय एजेंसियों ने बीएलओ को नियुक्त करने में भूमिका निभाई है। उन्होंने हमारी जानकारी के बिना पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए हैं। राज्य उन्हें पूरा सहयोग देगा, लेकिन मुझे इन सभी लोगों का ब्योरा पता होना चाहिए, जिसमें यह भी शामिल है कि वे कहां रहते हैं और किन विभाग में काम करते हैं।' मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग पर विधानसभा चुनाव से पहले जबरदस्ती यह कवायद दो महीने में पूरी करने का आरोप लगाया जिसमें दो साल लगते हैं।

---

### पिता की याचिका पर अहम फैसला

# कोर्ट ने 7 साल की बच्ची की दीक्षा पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶| सूरत

फैमिली कोर्ट ने बच्ची की दीक्षा पर अंतरिम रोक लगाते हुए अगली सुनवाई की तारीख 2 जनवरी तय की है। अदालत ने मां को निर्देश दिया है कि वह हलफनामा दाखिल कर यह स्पष्ट करे कि बच्ची तय दीक्षा समारोह में शामिल नहीं होगी। यह दीक्षा समारोह फरवरी 2026 में मुंबई में प्रस्तावित था। याचिकाकर्ता के वकील के मुताबिक, अदालत को बताया गया कि करीब एक साल पहले इस मुद्दे पर विवाद के बाद महिला अपने पति का घर छोड़कर बच्चों के साथ मायके चली गई थी। 10 दिसंबर को बच्ची के पिता ने फैमिली कोर्ट में याचिका दायर कर बेटी की कस्टडी मांगी थी। याचिका गार्जियंस एंड वार्ड्स एक्ट 1890 के तहत दाखिल की गई थी।

पिता ने अदालत को बताया कि उन्होंने पत्नी से इस विषय पर चर्चा की थी और दोनों इस बात पर सहमत थे कि बच्ची परिपक्व उम्र में ही साध्वी बनने का फैसला ले. लेकिन पत्नी ने फरवरी 2026 में मुंबई में सामूहिक दीक्षा समारोह में बच्ची की दीक्षा पर जोर दिया।



#### खास बातें

- पिता ने कहा कि बच्ची केवल सात साल की है और इतने बड़े फैसले को खुद नहीं ले सकती
- पिता चाहते हैं कि बच्ची परिपक्व उम्र में ही साध्वी बनने का फैसला स्वयं ले

#### यह है मामला

याचिका में कहा गया कि अप्रैल 2024 में पत्नी दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई और शर्त रखी कि जब तक दीक्षा के लिए सहमति नहीं दी जाएगी, वह वापस नहीं आएगी। पिता ने कहा कि बच्ची केवल सात साल की है और इतने बड़े फैसले को खुद नहीं ले सकती। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पत्नी बच्ची को धार्मिक कार्यक्रमों में ले जाती रही और एक बार बिना अनुमति अहमदाबाद के एक गुरु के आश्रम में बच्ची को अकेला छोड़ दिया। मुंबई के एक जैन मुनि के आश्रम में भी बच्ची को छोड़े जाने और पिता को मिलने न देने का आरोप लगाया गया।

---

### एआई से प्रेरित स्ट्रक्चरल शिफ्ट, मुनाफे पर आक्रामक फोकस का असर

# भारत की बड़ी कंपनियों ने की 10 हजार से ज्यादा की छंटनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का टेक सेक्टर में कई बदलाव हो रहे हैं। एआई से प्रेरित स्ट्रक्चरल शिफ्ट, रियल-मनी गेमिंग पर प्रतिबंध और मुनाफे पर आक्रामक फोकस ने पूरी इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर छंटनियों की हैं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) जैसी पुरानी आईटी दिग्गज कंपनियों से लेकर ओला इलेक्ट्रिक और ड्रीम11 जैसे हाई-फ्लाइंग यूनिकॉर्न्स तक, ईकोसिस्टम का कोई भी हिस्सा इससे अछूता नहीं रहा है। इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, साल 2025 में सिर्फ भारत में करीब 10 हजार टेक प्रोफेशनल्स ने अपनी नौकरी गंवाई।

### टीसीएस से लेकर ओला इलेक्ट्रिक और ड्रीम11 जैसी कई कंपनियों ने बदली रणनीति




#### जॉब सिक्योरिटी की चैंपियन टाटा में 2 फीसदी की कटौती

हमेशा से जॉब सिक्योरिटी की चैंपियन माने जाने वाली टाटा की दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस द्वारा अपनी वर्कफोर्स में करीब 2 प्रतिशत की कटौती की खबर आई। और करीब 12000 कर्मचारियों के इससे प्रभावित हुए। आने वाले कई महीनों (2026) में इसका असर कंपनी के कर्मचारियों पर पड़ेगा और छंटनी होती रहेगी।

#### ओला में 1000 से ज्यादा छंटनी

आईपीओ के बाद बढ़ते नुकसान पर काबू पाने और मुनाफे के मार्जिन को बेहतर करने की कोशिश में ईवी निर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने एक हजार से ज्यादा पदों में कटौती की। ये छंटनियां मुख्य रूप से फ्रंट-एंड ऑपरेशंस और उन डिवीज़नों में की गईं जिन्हें अब तेजी से ऑटोमेटेड सिस्टम्स के जरिए ऑपरेट किया जा रहा है।

#### ड्रीम11 का बड़ा झटका

अगस्त 2025 में ऑनलाइन गेमिंग के प्रमोशन और रेगुलेशन अधिनियम के पारित होने के साथ ही रियल-मनी गेमिंग (आरएमजी) पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लग गया। जिससे इस सेक्टर के करीब 2 लाख करोड़ रुपये के वैल्यूएशन पर बड़ा असर पड़ा। इस प्रतिबंध के चलते गेमिंग से जुड़े सहायक ईकोसिस्टम में करीब 2 लाख अप्रत्यक्ष नौकरियां खतरे में आ गई हैं। हालांकि ड्रीम 11 के सीईओ हर्ष जैन ने बड़े पैमाने पर छंटनी से बचते हुए 500 इंजीनियरों को नए एआई और फिनटेक वेंचर्स में दोबारा काम दिया। इसी तरह मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) को अपने भारत में अपनी वर्कफोर्स का 60% हिस्सा हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा, 600 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी हुई।

#### इन कंपनियों में भी छंटनी

इसी तरह 'गपशप' ने 500, गेम्स क्रॉफ्ट ने 400, जेप्टो ने 300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। डेली हंट और जोश की पेरेंट कंपनी वर्स इनोवेशन के पास पैसों की तंगी से जूझने की खबरों के बीच 350 कर्मचारियों ने अपनी नौकरी गंवाई।

---

### अमेरिका ने दी जानकारी

# हमास का हिमायती पाकिस्तान गाजा में भेजेगा 3500 सैनिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गाजा में इजरायली तबाही के बाद स्थिरता बहाल करने के लिए अमेरिका की अगुवाई में एक इंटरनेशनल स्टैबलाइजेशन फोर्स (आईएसएफ) बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इस योजना के तहत पाकिस्तान भी गाजा में सैनिक भेज सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान ने इस प्रस्तावित फोर्स का हिस्सा बनने की पेशकश की है। इस पर फिलहाल कुछ तय नहीं है लेकिन पाकिस्तान 3500 सैनिक गाजा भेजना चाहता है। पाकिस्तान मीडिया संस्थान द डाउन ने डिप्लोमेटिक सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि पाकिस्तान लगभग 3,500 सैनिकों को गाजा भेजने पर विचार कर रहा है।

#### पाक का दोगलापन

गौरतलब है, पाकिस्तान फिलिस्तीन देश बनाने का बड़ा हिमायती रहा है। हमास के नेताओं के मारे जाने पर पाकिस्तान ने इजरायल की कई मौकों पर आलोचना भी की है। पाकिस्तान ने ऑफिशियली हमास को आतंकवादी संगठन भी नहीं माना है। इसके बजाय, देश की सरकार ने पारंपरिक रूप से फिलिस्तीन का समर्थन किया है और टू-स्टेट सॉल्यूशन का समर्थन करते हैं। पाकिस्तान इजरायल को एक देश के रूप में भी मान्यता नहीं दी है।

# फावड़ा और तगाड़ी उठाकर जर्जर डेम की मरम्मत कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत भोण्ड और नंदी सागर में स्थित डेम जर्जर अवस्था में हैं। इन डेमों की मरम्मत की मांग किसानों द्वारा जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग से की गई लेकिन केवल आश्वासन ही मिलते रहे।

इस बीच इंद्रावती नदी का पानी जर्जर डेमों से लगातार बहता रहा और किसान असहाय होकर देखते रहे। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के इंद्रावती नदी क्षेत्र के किसान संघर्ष में उतर आए हैं। फावड़ा, गैंती और तगाड़ी उठाकर स्वयं जर्जर डेमों की मरम्मत कर रहे। किसानों ने आपसी सहयोग से चंदा इकट्ठा किया और सीमेंट, बालू, गिट्टी सहित अन्य निर्माण सामग्री खरीदकर टूटे-फूटे बांधों को ठीक करने का कार्य शुरू किया। किसानों ने यह तय किया कि अब शासन-प्रशासन का इंतजार नहीं किया जाएगा। भोण्ड एनीकेट तथा नदीसागर एनीकेट की मरम्मत के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था स्वयं किसानों ने की।

**खास बातें**

- चंदा से सीमेंट बालू और गिट्टी खरीदकर सुधार कार्य में जुट गए
- प्रशासन और विभाग से सहयोग नहीं मिलने पर किसानों का बड़ा कदम



# 60 पुलिस अफसरों का तबादला, रायपुर से कीर्तन गए राजनांदगांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य शासन ने पुलिस सेवा के एसपी, एएसपी एवं डीएसपी स्तर के अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। इसके आदेश सोमवार को जारी किए गए। इस सूची में रायपुर सहित कई जिलों के 60 पुलिस अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। उप सेनानी 6वीं वाहिनी रायगढ़ से सुरेशा चौबे को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कोरिया के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं संजय शर्मा, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय को सेनानी 18वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, मनेंद्रगढ़ जिला कोरिया नियुक्त किया गया है। ज्योति सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला बेमेतरा को उप सेनानी 21वीं वाहिनी करकाभाट, जिला बालोद स्थानांतरित किया गया है। रायपुर से कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला राजनांदगांव पदस्थ किया गया है। इसी तरह रायपुर से वर्षा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग को उप सेनानी 6वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रायगढ़ भेजा गया है। अनुराग झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल एवं यातायात, जिला रायपुर को सहायक पुलिस महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय रायपुर नियुक्त किया गया है। ममता देवांगन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला विरुद्ध अपराध अन्वेषण शाखा रायपुर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला विरुद्ध अपराध अन्वेषण शाखा, जिला दुर्ग स्थानांतरित किया गया है। वहीं जितेंद्र कुमार चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला गरियाबंद को जोनल पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा रायपुर में पदस्थ किया गया है।




- सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय बने सेनानी, गए मनेंद्रगढ़
- रायपुर सहित अन्य जिलों में एएसपी, डीएसपी की नई पदस्थापना

# समाज कल्याण घोटाले में सीबीआई दो पूर्व सीएस सहित 7 आईएएस को करेगी तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

समाज कल्याण घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। अब तक की जांच में एसआरसी के खर्चों की पड़ताल की गई है और कुछ अनियमितता भी पाई गई है। सीबीआई इस मामले में जल्द ही विभाग के रिटायर्ड अफसरों को तलब कर सकती है। घोटाले में फर्जी एनजीओ बनाकर सरकारी फंड का दुरुपयोग किया गया। करीब एक हजार करोड़ की हेराफेरी का आरोप लगाया गया है। घोटाले में आईएएस अधिकारी की संलिप्तता का आरोप है। सीबीआई की टीम ने तीन माह पहले ही समाज कल्याण विभाग के कार्यालय से सारी फाइलें जब्त कर ली थीं। हाईकोर्ट के आदेश पर समाज कल्याण घोटाले की जांच चल रही है।

- हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई कर रही मामले की जांच

बताया जाता है कि दिव्यांगों के कल्याण के लिए केन्द्रीय अनुदान की जानकारी ली गई है। दिव्यांगों के कल्याण के लिए स्टेट रिसोर्स सेंटर नाम से एनजीओ बनाया गया था, इसका माना में कार्यालय है। सीबीआई की टीम यहां की सुविधाओं का अवलोकन कर चुकी है। यह भी आरोप लगाया गया था कि एनजीओ में फर्जी नियुक्तियां हुई हैं और कर्मचारियों के वेतन के नाम से पैसे गबन कर लिए गए।




## 14 साल तक सरकारी फंड का गबन

बताया गया है कि एनजीओ के माध्यम से 14 साल तक सरकारी फंड का गबन किया गया, जिसमें फर्जी नियुक्तियां, डबल सैलेरी और फर्जी बिल शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक अब तक बिल वाउचर का सत्यापन चल रहा है। कर्मचारियों को लेकर भी पूरी जानकारी ली गई है, इसमें अनियमितताएं भी पाई गई हैं। बताया जाता है कि एक हजार करोड़ घोटाले का दावा किया गया है, लेकिन खर्च पांच करोड़ के आसपास रहा है। सीबीआई जल्द ही विभाग के अफसरों को तलब करेगी। सीबीआई उन अफसरों से पूछताछ करेगी जो स्टेट रिसोर्स सेंटर का काम देखते रहे है, इनमें से कई अफसर रिटायर हो चुके हैं।

## त्योहारी सीजन के कारण हुआ था अच्छा कारोबार

# नवंबर में बीते साल से 40 फीसदी कम बिके वाहन, अक्टूबर में ज्यादा बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में इस बार त्योहारी सीजन नवरात्रि से लेकर धनतेरस तक रिकॉर्डतोड़ एक लाख 67 हजार वाहन बिके। इसके पहले कभी भी इतने वाहन नहीं बिके थे। बीते साल डेढ़ लाख वाहन भी नहीं बिके थे। इसी के साथ अक्टूबर में भी रिकॉर्ड सवा लाख से ज्यादा वाहन बिके। वाहनों के बिकने की रफ्तार इस बार ज्यादा होने का सबसे बड़ा कारण जीएसटी का कम होना रहा, लेकिन त्योहारी सीजन के समाप्त होने के बाद नवंबर में वाहनों की बिक्री की रफ्तार सामान्य हो गई है। हालांकि बीते साल से 40 फीसदी वाहन कम बिके हैं, लेकिन इसके पीछे का कारण यह है कि बीते साल नवंबर में धनतेरस और दीपावली पड़ने के कारण ज्यादा वाहन बिके थे।

नवंबर में इस बार प्रदेशभर में 53399 दोपहिया वाहन बिके हैं, जो बीते साल से 39.02 फीसदी कम है। बीते साल 87570 वाहन बिके थे। इसी तरह से इस माह चारपहिया वाहन 4386 बिके, जो बीते साल से महज एक फीसदी ही कम है। बीते साल 4432 चारपहिया वाहन बिके थे। इस माह अचानक ट्रक ज्यादा बिके हैं। इस माह 4922 ट्रक बिके हैं जो बीते साल से 24 फीसदी ज्यादा हैं। बीते साल 3961 ट्रक ही बिके थे। कुल मिलाकर इस बार नवंबर में 66952 वाहन बिके हैं जो बीते साल से 33 फीसदी कम है। बीते साल 100235 वाहन बिके थे, क्योंकि तब त्योहारी सीजन था।

**अब सामान्य बिक्री का दौर**

बीते साल नवंबर में त्योहारी सीजन होने के कारण ज्यादा बिके थे, इस बार अक्टूबर में ज्यादा वाहन बिके। अब नवंबर से सामान्य दौर प्रारंभ होने के कारण बीते साल से कम बिक्री दिख रही है।

विवेक गर्ग, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा



## अक्टूबर में भी बना रिकॉर्ड

अक्टूबर में भी रिकॉर्डतोड़ वाहन बिके। इसी माह दशहरा से लेकर दीपावली पड़ी। इस माह सबसे ज्यादा वाहन तो पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर बिके। इस माह रिकॉर्ड एक लाख 29 हजार 723 वाहन बिके। इसमें सबसे ज्यादा एक लाख दस हजार 370 दोपहिया बिके। ये बीते साल से 68.72 प्रतिशत ज्यादा बिके। बीते साल ये महज 65416 ही बिके थे। जहां तक कारों का सवाल है तो इस माह कारें बीते साल से कम बिकीं। इस माह 10778 कारें बिकीं, जबकि बीते साल 12531 बिकीं थीं। सभी वाहनों को मिलाकर इस साल बीते साल से 50 फीसदी वाहन ज्यादा बिके।

**बाइकों में आमने-सामने टक्कर, दो मृत एक गंभीर : महासमुंद।** बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में रविवार को दो की मौत हो गई। वहीं, इस दुर्घटना में घायल सतानंद नेताम की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं हादसे में ग्राम मोरधा निवासी लखनलाल साहू और संत रविदास गार्डन नयापारा महासमुंद निवासी मिस्त्री शिवकुमार जगत (35) की मौत हो गई है।






## चिंतन

# सभी को नए अवसर देगी न्यूजीलैंड से फ्री ट्रेड डील

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कारोबारियों से लेकर किसानों और छोटे उद्यमियों यानी एमएसएमई तक को लाभ पहुंचाएगा। इससे दोनों देशों के बीच ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन और सांझा अवसर बढ़ेंगे। इस नई ट्रेड डील के तहत न्यूजीलैंड से भारत में आने वाले करीब 95 फीसदी उत्पादों पर लगने वाले आयात शुल्क को या तो हटा दिया जाएगा या बहुत कम कर दिया जाएगा, जिससे व्यापार की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। दोनों देशों का लक्ष्य अगले 5 सालों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करना है। इससे अर्थव्यवस्था को स्थिर और दीर्घकालिक वृद्धि मिल सकेगी। वहीं, न्यूजीलैंड ने भारत में निवेश बढ़ाने का भरोसा जताया है। न्यूजीलैंड अगले 15 वर्ष में भारत में 20 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा, इससे स्थानीय उद्योगों और रोजगार के अवसरों को बल मिलेगा। यह व्यापार समझौता मार्च 2025 में तब शुरू हुआ जब न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत आए थे। दोनों देशों ने इस समझौते को अपने आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। अब उम्मीद की जा रही है कि यह समझौता आर्थिक जुड़ाव को और बढ़ाएगा, बाजारों तक पहुंच आसान करेगा, निवेश को बढ़ावा देगा और दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगा। इससे नए आविष्कार करने वालों, कारोबारियों, किसानों, छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कई सेक्टर में अवसर पैदा होंगे। साथ ही छात्रों और युवाओं को भी मौके मिलेंगे। यह डील लागू होने के बाद न्यूजीलैंड को भारतीय सामानों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। यह करार मजदूरों, कारीगरों, महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे व्यवसायों और युवाओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही कपड़ा, ऊन, परिधान, चमड़ा और जूते जैसे उद्योगों को मौके देगा। इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, प्लास्टिक, दवाइयां और रसायन जैसे उत्पादन से जुड़े उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। इस डील का मॉडल यूरोपीय फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) जैसा ही होगा। इस प्रस्तावित निवेश से मेन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाएं, इनोवेशन और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत के निवेश परिदृश्य को बदलने में अहम भूमिका निभाएगा। यह समझौता खेती-किसानी पर भी खास ध्यान देता है। भारतीय किसानों को न्यूजीलैंड के बाजार में फल, सब्जियां, कॉफी, मसाले, अनाज और प्रोसेस्ड फूड जैसे उत्पादों को बेचने के बेहतर मौके मिलेंगे। 'एग्रीकल्चरल प्रोडक्टिविटी पार्टनरशिप' (कृषि उत्पादकता साझेदारी), 'सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस' (उत्कृष्टता केंद्र) और न्यूजीलैंड की उन्नत कृषि तकनीकों तक पहुंच जैसी पहलों से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी, गुणवत्ता सुधरेगी और उनकी आय में वृद्धि होगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत-न्यूजीलैंड के बीच माल का व्यापार 1.3 अरब डॉलर था। वहीं, 2024 में वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार लगभग 2.4 अरब डॉलर था, जिसमें अकेले सेवाओं का व्यापार 1.24 अरब डॉलर था। बता दें कि पिछले 5 साल में भारत की यह 7वीं फ्री ट्रेड डील है। इससे पहले 2021 में मॉरीशस, 2022 में ऑस्ट्रेलिया, 2022 में यूएई, 2024-25 में यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए), 2025 में ब्रिटेन व ओमान व अब न्यूजीलैंड के साथ डील हुई है। इससे भारत की ग्लोबल ट्रेड पार्टनरशिप मजबूत हुई है और देश के विकास को और बेहतर मौके मिलेंगे।



## योजना

डॉ. अश्विनी महाजन

**संसद में मनरेगा को विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी–जी राम जी) के नाम से पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है। आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है?**

# समय की जरूरत रोजगार गारंटी कानून

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, एक अधिकार-आधारित योजना है, जिसे 2005 में अधिनियमित किया गया और फरवरी 2006 से लागू किया। इस अधिनियम के तहत, किसी भी ग्रामीण परिवार का 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का वयस्क सदस्य काम के लिए आवेदन कर सकता है। सरकार पर प्रति वर्ष प्रति परिवार 100 दिनों तक कार्य देने की बाध्यता है और यदि लिखित या मौखिक मांग के 15 दिनों के भीतर काम नहीं दिया जाता, तो राज्य को बेरोजगारी भत्ता देना होता है। दुनिया भर में कहीं भी ऐसी रोजगार के अधिकार की कोई योजना नहीं है।

सूखा, कृषि संकट और कोविड-19 जैसे झटकों के समय इसने आर्थिक सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई, जब लाखों प्रवासी श्रमिक गांव लौट आए और इसी योजना पर निर्भर रहे। इस योजना में कुछ बड़े बदलाव प्रस्तावित करते हुए संसद में विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन विधेयक, 2025 (वीबी-जी राम जी) पारित कर दिया गया है और राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदन के बाद अब यह विधेयक मनरेगा का स्थान लेगा। जहां सरकार नए विधेयक को विकसित भारत के लिए सुधार के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। विपक्ष का कहना है कि सरकार जानबूझकर इस कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाकर राजनीति कर रही है।

आज जरूरत इस बात की है कि इस विधेयक को विस्तार से समझा जाए कि वास्तव में इसके प्रावधान क्या हैं और इससे देश और ग्रामीण भारत को क्या फायदा या नुकसान हो सकता है? 2005 में बनाए गए इस अधिनियम के पीछे सोच यह थी कि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को बेरोजगारी के कारण गरीबी से बचाने के लिए उन्हें आमदनी की गारंटी हो, लेकिन इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्यों जैसे जल संरक्षण परियोजनाएं, सिंचाई नहरें, ग्रामीण सड़कें, बाढ़ नियंत्रण संरचनाएं और भूमि विकास से जुड़े कार्य भी किए जा सकें। इस योजना में वित्तीयन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की थी।

समझना होगा कि यह योजना रोजगार की मांग से चलती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले सालों में जहां इस योजना में मजदूरी की दर बढ़ाकर उसे आकर्षक बनाया गया है, लेकिन रोजगार के लिए पंजीकृत करने हेतु दिवसों में भारी कमी आई है। इसका अभिप्राय है कि ग्रामीण लोगों को अन्य स्रोतों से अतिरिक्त रोजगार मिलने लगा है जो मनरेगा से अच्छा है। 2005 से अभी तक देश में बहुत बदलाव आ चुका है, ऐसे में सरकार का मानना है कि मनरेगा कानून में भी आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। हालांकि विधेयक में मनरेगा में 100 दिनों के स्थान पर 125 दिन तक और वनवासी क्षेत्रों में तो 150 दिनों तक रोजगार देने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन अब उसका वित्तीयन अकेले केंद्र सरकार नहीं बल्कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का दायित्व होगा। गौरतलब है कि 2005 केंद्रीय राजस्व में राज्य सरकारों का हिस्सा मात्र 32 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 42 प्रतिशत हो चुका है। 14वें वित्त आयोग ने राज्यों के हिस्से को यही कहकर बढ़ाया था ताकि वे योजना का भार वहन कर सकें। लेकिन नरेगा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जो पहले ही बन चुका था, उसमें राज्यों पर इसका भार नहीं



डाला जा सकता था। हालांकि, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (नरेगा) 2005 में पास हुआ था और इसे 2006 में लागू किया गया। 2009 में तब की यूपीए की सरकार ने इसका नामकरण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कर दिया था, और अब जब इस योजना का नया रूप संसद ने प्रस्तावित किया है और नाम में बदलाव होना भी स्वाभाविक था, जो इत्तेफाक से भगवान राम के नाम से मिलता-जुलता है। इसी बात का विपक्ष विरोध कर रहा है।

मनरेगा का उद्देश्य बेरोजगारी के दिनों में आय-सुरक्षा देना था, परंतु यदि कृषि मौसम में श्रमिक मनरेगा की ओर आकर्षित रहते थे। ऐसे में खेतों में श्रमिकों की कमी के चलते मजदूरी लागत बढ़ जाती है, जिससे किसान की लागत में वृद्धि हो जाती है और खेती की प्रतिस्पर्धात्मकता घटती है। इस नए विधेयक में इस समस्या का समाधान निकाला गया है और रोजगार गारंटी कार्यक्रम में खेती के लिए आवश्यक 60 दिनों में इस कार्यक्रम को स्थगित रखने का प्रावधान रखा गया है। इसके साथ ही अब इस कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यों में भी समय के साथ बदलाव करते हुए अब उसमें आज की आवश्यकता के अनुरूप, जल सुरक्षा, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजी-रोटी से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर और खराब मौसम की घटनाओं को कम करने को शामिल करने के साथ-साथ, इन योजना को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के साथ भी जोड़ा गया है।

मनरेगा का सबसे बड़ा दोष यह था कि तमाम प्रयासों के बावजूद इसमें भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा था। ग्राम पंचायत और खंड स्तर पर भ्रष्टाचार के कारण बड़ी मात्रा में सरकारी धन की लूट हो रही थी, ऐसी कई योजनाएं ध्यान में आती थी जिसमें है कागजों पर ही तमाम निर्माण हो जाते थे, जिनका धरातल पर कोई अस्तित्व ही नहीं होता था। नए अधिनियम में भ्रष्टाचार को बाहर रखने के लिए प्रावधान रखा गया है कि नई प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का प्रावधान है, जिसमें लेन-देन के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, योजना निर्माण एवं निगरानी के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) प्रौद्योगिकी, वास्तविक समय में निगरानी के लिए मोबाइल एप्लिकेशन-आधारित डैशबोर्ड तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण प्रणाली को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उसमें भ्रष्टाचार पर बड़ा अंकुश लगाया गया है, उसी तर्ज पर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए रोजगार गारंटी योजना में भी भ्रष्टाचार को रोका जा सकेगा।

देश में कई विशेषज्ञों द्वारा मनरेगा का विरोध इस लंबे व्यू से हो रहा था कि इसके चलते कृषि और उद्योग क्षेत्र में श्रमिकों की कमी हो रही है, हालांकि कृषि में तो श्रमिकों की कमी की समस्या को कुछ हद तक नए अधिनियम में हल करने का प्रयास हुआ है, लेकिन मनरेगा के कारण उद्योगों और कृषि की सहायक गतिविधियों हेतु श्रमिकों की कमी के समाधान का की समस्या के समाधान का भी प्रयास करना जरूरी था। विपक्ष संसद में नामकरण जैसे गैर जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाए यदि नए अधिनियम में देश की आवश्यकता के अनुरूप प्रावधान शामिल कराने हेतु बहस करता तो मनरेगा के इस नए अवतार में कुछ और सुधार भी शामिल किए जा सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

*(लेखक पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बलिदान दिवस

आचार्य दीपचन्द भारद्वाज



# त्याग की प्रतिमूर्ति निर्भीक संन्यासी स्वामी श्रद्धानंद

स्वामी श्रद्धानंद का संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित था। इनका पूर्व नाम मुंशीराम था। 1879 में एक बार बरेली में स्वामी दयानंद सरस्वती का प्रवचन हुआ। मुंशी राम के पिताजी ने इनको भी स्वामी दयानंद के उस कार्यक्रम में जाने के लिए कहा। मुंशी राम का जीवन स्वामी दयानंद के प्रवचनों तर्कों एवं सैद्धांतिक विचारधारा से बहुत प्रभावित हुआ। स्वामी दयानंद के उपदेशों ने नास्तिक मुंशीराम को आस्तिक बना दिया। अपने जीवन में व्याप्त समस्त व्यसनों का परित्याग करके वर्ष 1884 में मुंशी राम जी आर्य समाज लाहौर के सदस्य बने। स्वामी दयानंद के वैदिक ज्ञान से प्रभावित होकर इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित किया। 1902 में इन्होंने गुरुकुल कांगड़ी जैसी महान संस्था की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानंद जी ने समाज के उत्थान के लिए तथा अपनी वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी नामक ऐतिहासिक संस्था की नींव रखी।

इस संस्था के माध्यम से इस निर्भीक संन्यासी ने मैकाले की शिक्षा पद्धति को चुनौती देने का कार्य किया जो उस समय पूर्णरूपेण असंभव था। सर्वप्रथम कन्याओं की शिक्षा के लिए विद्यालय खोला तथा सबसे पहले अपने बच्चों को गुरुकुल प्रणाली की शिक्षा हेतु तैयार किया। इसी गुरुकुल कांगड़ी से अनेक विद्वान, राष्ट्रभक्त, बलिदानी तैयार हुए। कल्याण मार्ग के पथिक महात्मा मुंशीराम ने त्याग के महान आदर्श का अनुसरण करते हुए अपनी जालंधर वाली कोठी तथा संपूर्ण संपत्ति आर्य समाज को दान कर दी। वर्ष 1917 में महात्मा मुंशीराम ने संन्यास ग्रहण किया तथा अपना नाम श्रद्धानंद रखा। ईश्वर में इनकी अगाध श्रद्धा थी, इसलिए इन्होंने अपना यह नाम रखवाया। 1919 में जब दिल्ली में कांग्रेस की सभाओं और जलसों को पूर्ण रूप से बंद करने का अंग्रेज सरकार ने आदेश जारी किया तब स्वामी श्रद्धानंद ने चांदनी चौक टाउन हॉल के सामने आंदोलन करते हुए उन्होंने अंग्रेजी सेना के सामने सीना खोलकर गोली चलाने की चुनौती दी थी। इस निडर संन्यासी के सामने उस समय अंग्रेजों को भी नतमस्तक होना पड़ा था। जलियांवाला बाग की दमनकारी तथा क्रूर घटना के बाद पूरे पंजाब मे भय और आतंक का माहौल था, ऐसे डरावने माहौल में कोई भी कांग्रेस का नाम लेने वाला नहीं था तब इन्हीं स्वामी श्रद्धानंद ने अपने दृढ़ संकल्प के बल पर कांग्रेस का अमृतसर में अधिवेशन संपन्न करवाया। गुरुकुल कांगड़ी का प्रबंध आचार्य रामदेव को सौंप कर स्वामी श्रद्धानंद दिल्ली पहुंचे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक धार्मिक गतिविधियों का संचालन किया। 1922 में जब सिखों ने गुरु का बाग का सत्याग्रह शुरू किया तो अंग्रेजों ने इसे दबाने का प्रयास किया। स्वामी श्रद्धानंद को जब पता चला तो वे तुरंत अमृतसर पहुंचे और इस सत्याग्रह का संचालन अपने हाथ में लिया। स्वामी श्रद्धानंद ने शुद्धि आंदोलन प्रारंभ करके मुस्लिमों के भय से धर्म परिवर्तन करने वालों को पुनः अपने धर्म में शुद्धिकरण के माध्यम से प्रवेश करवाया। सर्वप्रथम आगरा के मलकाने राजपूतों की स्वधर्म में वापसी करवाकर शुद्धि के इस महान आंदोलन का सूत्रपात किया। राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद जी का नाम आर्य जगत में बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है। स्वामी दयानंद के व्रत कथा संकल्प को पूर्ण करने के लिए स्वामी श्रद्धानंद ने अपने पूरे जीवन को समर्पित कर दिया।

कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति से नाराज होकर स्वामी श्रद्धानंद ने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। शुद्धि आंदोलन के कार्य से कुछ सांप्रदायिक लोग उनसे नाराज हो गए और 23 दिसंबर 1926 को एक मतांध सांप्रदायिक मुस्लिम ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। स्वामी श्रद्धानंद जीवन पर्यंत राष्ट्र, धर्म, जाति तथा अपने स्वर्णिम वैदिक संस्कृति की रक्षा हेतु प्रयासरत रहे। कल्याण मार्ग के पथिक, अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का यह आदर्शमय तथा त्यागमय जीवन संपूर्ण आर्य जाति के लिए प्रेरणा स्तंभ के समान है। स्वामी श्रद्धानंद का का जीवन पुरुषार्थ और कर्ममय था। देश और आर्य समाज के लिए स्वामी श्रद्धानंद का योगदान और बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जीवन हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा और उन्होंने हमेशा डटकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अंतिम क्षणों तक अपने पावन कार्यों के माध्यम से आर्य समाज की सेवा की। श्रद्धानंद जी का संपूर्ण जीवन युवा आर्य शक्ति को नई ऊर्जा, पुरुषार्थ तथा राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला है।

*(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित
**दर्शन**

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

# जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
**प्रेरणा**

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नागरिक चेतना से बचेगी प्रकृति

पर्यावरण संरक्षण की बहस अक्सर एक सुविधाजनक दिशा में मोड़ दी जाती है–सरकारें नीतियां नहीं बनातीं, मंत्रालय निष्क्रिय हैं, कानून कागजों तक सीमित हैं। यह आलोचना पूरी तरह गलत नहीं है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर पर्यावरण मंत्रालयों का रिकॉर्ड देखें तो विकास परियोजनाओं के सामने प्रकृति अक्सर सबसे पहले बलि चढ़ती दिखती है। जंगलों की कटाई, नदियों का प्रदूषण, ज़हरीली हवा और भूजल का संकट– इन सबके लिए नीतिगत विफलता ज़िम्मेदार है। पर यह अधूरा सच है। पूरा सच यह है कि पर्यावरण संकट की जड़ें हमारी अपनी जीवन–शैली में गहरी धंसी हुई हैं। हमने पर्यावरण को सरकार का विषय मान लिया है, जैसे वह नागरिक जीवन से अलग कोई विभागीय फाइल हो। नागरिक चेतना जरूरी है। – *जिवेश पाठक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# भारतीय मूल के वरदराजन स्टारबक्स के सीटीओ बने

अमेरिका की बहुराष्ट्रीय कंपनी 'स्टारबक्स' ने भारतीय मूल के आनंद वरदराजन को अपना नया कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) नियुक्त किया है। करीब दो दशकों तक अमेजन में काम कर चुके वरदराजन को दुनियाभर में कॉफीहाउस श्रृंखला के लिए मशहूर इस कंपनी के वैश्विक प्रौद्योगिकी संचालन की कमान सौंपी गई है। स्टारबक्स के अनुसार, वरदराजन 19 जनवरी से पदभार संभालेंगे, कंपनी की कार्यकारी नेतृत्व टीम में शामिल होंगे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन निकोल के मातहत काम करेंगे। वह डेब हॉल लेफेवर का स्थान लेंगे, जो सितंबर में सेवानिवृत्त हुई थीं। अमेजन में अपने लगभग 19 वर्षों के कार्यकाल के दौरान वरदराजन ने बड़े पैमाने पर



ग्राहक–केंद्रित प्रौद्योगिकी मंच विकसित किए। हाल के वर्षों में वह अमेजन के 'वर्ल्डवाइड ग्रॉसरी स्टोर' कारोबार के लिए प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इससे पहले उन्होंने अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी 'ओरेकल' में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में और कई स्टार्टअप के साथ भी काम किया। स्टारबक्स ने कहा कि वरदराजन को सुरक्षित और भरोसेमंद प्रणालियां विकसित करने तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर लागू करने का गहरा अनुभव है, जिसमें ग्राहकों को केंद्र में रखा जाता है।

## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द

आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना,



कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है: ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है: एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल।राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग–अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग–अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं, और तीन कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण को रोकने के लिए राइबोसोम को संकेत देते हैं।

## ट्रेंड

### सुशासन के लिए कटिबद्ध



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट हुई। नरेंद्र मोदी और नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार प्रदेश में जनकल्याण, विकास और सुशासन को और अधिक ऊंचाई देने के लिए कटिबद्ध है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मनरेगा की संरचना खत्म



नरेन्द्र मोदी सरकार ने चर्चा, परामर्श या संसदीय प्रक्रियाओं तथा केंद्र राज्य संबंधों के प्रति सम्मान के बिना मनरेगा को खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाने का प्रयास किया है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना तो एक बानगी भर है। सरकार ने मनरेगा की संरचना को नष्ट किया है।
-सोनिया गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख

### अधिकारी अयोग्य



एसआईआर पर सुनवाई के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त केंद्रीय अधिकारियों को स्थानीय भाषा (बांग्ला) का बहुत कम ज्ञान है। ऐसे अधिकारी संशोधन अभ्यास के दूसरे फेज के दौरान वेरिफिकेशन करने के लिए अयोग्य हैं।
-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल

### मैं निराश नहीं



विकेट नहीं मिलने से मैं निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं। शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी, लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी।
-वैष्णवी शर्मा, क्रिकेटर

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 26 दिसंबर को होगी डीएसी की बैठक!

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की पश्चिमी-सीमाओं पर बने हुए



तनावपूर्ण हालात के बीच इस सप्ताह शुक्रवार (26 दिसंबर) को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक हो सकती है। जिसमें सेना, वायुसेना और नौसेना की सैन्य और युद्धक क्षमता को मजबूती प्रदान के लिए कुल करीब 70 से 80 हजार करोड़ रुपए तक के रक्षा खरीद समझौतों को स्वीकृति मिलने की संभावना है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि डीएसी की यह बैठक राष्ट्रीय राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के दफ्तर में होगी।

## भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन एक और नया कीर्तिमान रचेगा

# इसरो कल बाहुबली रॉकेट एलवीएम 3 की मदद से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नाम के आधुनिक कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) क्रिसमस से ठीक एक दिन पहले 24 दिसंबर को एक और नया कीर्तिमान रचने जा रहा है। इसरो अपने सबसे शक्तिशाली बाहुबली रॉकेट एलव्हीएम 3 की मदद से ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नाम के आधुनिक कम्युनिकेशन सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजेगा।

इस मिशन का नाम 'एलवीएम3 एम6 मिशन' रखा गया है, जो कि न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के मोबाइल कनेक्टिविटी सिस्टम के लिहाज से भी बेहद अहम माना जा रहा है।

*यह मिशन भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत करेगा*

*इसरो के 'ब्लूबर्ड' पर दुनियाभर की टिकी निगाहें*



रॉकेट एलवीएम-3

### क्या है ब्लूबर्ड सैटेलाइट?

ब्लूबर्ड सैटेलाइट अमेरिका की एएसटी स्पेस मोबाइल कंपनी द्वारा बनाया गया, जो काफी उन्नत किस्म का सैटेलाइट है। यह सीधे अंतरिक्ष से ही ब्रॉडबैंड नेटवर्क या फिर फोन में नेटवर्क प्रदान करेगा। यानी भविष्य में इस सैटेलाइन की मदद से बिना मोबाइल टावर या किसी अतिरिक्त उपकरण के, सीधे फोन पर इंटरनेट, कॉल और डेटा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### बाहुबली रॉकेट से किया जाएगा लॉन्च

इसरो के इस मिशन में इस्तेमाल किया जाने वाला एलवीएम3 रॉकेट इसरो का सबसे भारी और ताकतवर लॉन्च व्हीकल है। यही रॉकेट चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 जैसे अहम मिशनों में भी इस्तेमाल किया जा चुका है। ब्लूबर्ड जैसे भारी और उन्नत सैटेलाइट को अंतरिक्ष में पहुंचाने की क्षमता एलवीएम3 को खास बनाती है।

### *ब्लूबर्ड सैटेलाइट की खासियत?*

इसरो व अमेरिकी कंपनी द्वारा वाणिज्यिक समझौते के तहत लॉच किए जा रहे ब्लूबर्ड सैटेलाइट डायरेक्ट टू सेल फोन कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसकी मदद से दूरदराज पहाड़ी इलाकों और जिन क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या होती है। वहां पर यह सैटेलाइट काफी कारगर साबित होगा। इस सैटेलाइट को 4-जी और 5जी जैसी आधुनिक सर्विस को सपोर्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। ब्लूबर्ड को दुनिया के सबसे बड़े कमर्शियल कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स में से एक माना जा रहा है। इसमें विशाल फेज्ड-एरे एंटीना लगा है, जो एक साथ बड़ी संख्या में मोबाइल डिवाइस से संपर्क कर सकता है। इसकी डेटा क्षमता पुराने सैटेलाइट्स की तुलना में कई गुना अधिक बताई जा रही है।

### इसरो इतिहास रचने को तैयार

ब्लूबर्ड मिशन से भारत की कमर्शियल लॉन्च सेवाओं को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, यह मिशन भारत-अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग को भी मजबूत करेगा। बता दे कि इसरो एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है।

## भारत में 20 अरब डॉलर का एफडीआई होगा उपलब्ध

# भारत-न्यूजीलैंड में फ्री ट्रेड डील, टैरिफ कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत पूरी होने की सोमवार को घोषणा की। यह समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों से आने वाले विभिन्न घरेलू उत्पादों को शुल्क-मुक्त पहुंच देगा। साथ ही इससे अगले 15 वर्ष में 20 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) उपलब्ध होगा। इस समझौते से अगले पांच वर्ष में वस्तुओं व सेवाओं के द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके पांच अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड को भेड़ के मांस, ऊन, कोयला और वनों एवं लकड़ी से बनी 95 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। समझौते के तहत न्यूजीलैंड को कीवी फल, शराब, कुछ समुद्री खाद्य पदार्थ, चेरी, एवोकाडो, पर्सिमन, शिशु 'फॉर्मूला', मनुका शहद और दूध 'एल्ब्यूमिन' जैसी कई अन्य वस्तुओं पर शुल्क छूट भी मिलेगी। घरेलू किसानों और सूक्ष्म लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की सुरक्षा के लिए भारत राजनीतिक रूप से संवेदनशील दुग्ध क्षेत्र जैसे दूध, क्रीम, व्हे, दही तथा पनीर में कोई शुल्क छूट नहीं देगा।

इस समझौते के अंतर्गत शामिल न होने वाले अन्य उत्पाद वनस्पति उत्पाद (प्याज, चना, मटर, मक्का, बादाम), चीनी, कृत्रिम शहद, पशु, वनस्पति या सूक्ष्मजीवों से प्राप्त वसा और तेल, हथियार व गोला-बारूद, रत्न एवं आभूषण, तांबा तथा उसके उत्पाद और एल्युमीनियम तथा उससे संबंधित वस्तुएं हैं। इसने कुशल व्यवसायों में कार्यरत भारतीय पेशेवरों के लिए एक नए अस्थायी रोजगार प्रवेश वीजा मार्ग के माध्यम से कुशल रोजगार के रास्ते भी खोले हैं। इसमें किसी भी समय 5,000 वीजा का 'कोटा' शामिल होता है और अधिकतम तीन साल तक का प्रवास संभव होता है।

### सेवाओं और कुशल नौकरी में बढ़ावा

भारत को आईटी, प्रोफेशनल सर्विसेज, शिक्षा, वित्त, पर्यटन, निर्माण और अन्य व्यवसाय सेवाओं में बाजार तक पहुंच मिलेगी। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं और उच्च-कुशल पेशेवरों के लिए अवसर बढ़ेंगे।



### पीएम मोदी और लक्सन में फोन पर बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन ने समझौते को अंतिम रूप देने की घोषणा सोमवार को की। दोनों प्रधानमंत्रियों ने फोन पर बातचीत की जिसके बाद मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता संपन्न होने की घोषणा की गई। मार्च, 2025 में लक्सन की भारत यात्रा के दौरान बातचीत शुरू होने के बाद दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त की कि नौ महीनों के रिकॉर्ड समय में मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत संपन्न की है। यह दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने की साझा महत्वाकांक्षा एवं राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

### भारत के लिए क्या है अहमियत

भारत के लिए यह एफटीए तेजी से बनने वाले व्यापार समझौतों में शामिल है और यह 'विकसित भारत 2047' के विजन के अनुरूप है। इस समझौते से नौकरियों, निवेश, व्यापार, नवाचार और एमएसएमई के विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। समझौते के तहत न्यूजीलैंड अपने सभी उत्पादों पर आयात शुल्क खत्म करेगा। इसका सीधा फायदा भारत के टेक्सटाइल, जूते, चमड़ा, मरीन प्रोडक्ट, गहने, हस्तशिल्प पर होगा।

### भारतीय पेशेवरों को होगा लाभ

समझौते में 'टेम्परी एम्प्लॉयमेंट एंट्री वीजा' का प्रावधान है। इसके तहत 5,000 कुशल भारतीय पेशेवर तीन साल तक न्यूजीलैंड में काम कर सकेंगे। इसमें आयुष चिकित्सक, योग प्रशिक्षक, भारतीय शेफ, संगीत शिक्षक और आईटी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर, शिक्षा और निर्माण जैसे उच्च मांग वाले क्षेत्रों के पेशेवर शामिल हैं।

## पीएम मोदी के विशेष दूत के रूप में आज श्रीलंका दौरे पर रहेंगे विदेश मंत्री

**हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली।** दित्वा चक्रवात से बुरी तरह से जूझ रहे श्रीलंका को जहां भारत ने सबसे पहले पहुंचकर बड़े पैमाने पर मदद पहुंचाई है। वह देश की पड़ोस



सबसे पहले नीति से जुड़ी हुई भावना को स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करती है। इसी क्रम में मंगलवार (23 दिसंबर) को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर श्रीलंका के एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि डॉ.जयशंकर की निकट पड़ोसी देश की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नियुक्त किए गए विशेष दूत के तौर पर की जाएगी। जिसमें वह श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी मुलाकात करेंगे। उनका ये दौरा मुख्य रूप से भारत की पड़ोस सबसे पहले की नीति और दित्वा चक्रवात से गंभीर रूप से हुए नुकसान के दौरान चलाए गए राहत एवं बचाव अभियान के संदर्भ से भी जुड़ी हुई है।

**इंडोनेशिया में बस एक्सीडेंट में 15 लोगों की मौत : जकार्ता।** इंडोनेशिया के जावा आइलैंड पर आधी रात के बाद एक पैसेंजर बस हादसे का शिकार हो गई, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बस में कुल 34 लोग सवार थे। ड्राइवर टोल रोड पर बस से कंट्रोल खो बैठा, जिसके बाद बस एक कंक्रीट की दीवार से टकराई, फिर पलटकर सड़क किनारे गिर गई।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 5 खरसिया, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**

**-: निविदा निरस्तीकरण सूचना :-**

निविदा सूचना क्रमांक 03 / व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 03.12.2025 अंतर्गत सिस्टम क्रमांक 180920 समूह क्र. 02 (प्रथम आमंत्रण) द्वारा आमंत्रित निविदा में त्रुटि होने के कारण निरस्त किया जाता है।

जी-252605222
G-252605636/4

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 5
खिरसिया

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

आदेश क्रमांक 6860 / व.ले.लि./2025-26

कोटा, दिनांक 19.12.2025

निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक 01.05.2025 सिस्टम नं. 167737 (द्वितीय आमंत्रण) **"बरर एनीकट सूक्ष्म सिंचाई योजना"** अनुमोदित लागत राशि रू. 270.38 लाख की निविदा को मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर (छ.ग.) के पत्र क्र.सा. -1-11 का-2025/1803 बिलासपुर दिनांक 17.12.2025 (जी नं. 252600642/2 दिनांक 03.05.2025) के परिपेक्ष्य में उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

G-252605615/4

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LTD**
(A Successor Company of CSEB) (A Chhattisgarh Govt. Undertaking)
O/o The Executive Director (Finance)

**E-TENDER NOTICE NO.- 03/2025-26**

**Online bids** are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms/owner of vehicle for hiring of one no. Category-I car for official use of General manger (Fin) O/o E.D.(Finance),CSPGCL, Raipur, as follows:-

| SL.No. | Tender Specification No. | Description | Tender Cost (Rs.) | EMD Amount (Rs.) | Last date & time of bid submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | E.D.(Fin)CSPGCL/GAD/2025-26/T-03 | Hiring of one no. Category-I car on contract basis for General Manager (Fin) O/o Executive Director (Fin.), CSPGCL Raipur. | 590.00 (including GST @18%) | 5,500.00 | 07.01.2026 15:00 Hrs |

NOTES:-1.For more details. Tender schedule, Scope of work QR & Tender Documents visit our website:- http://www.cspc.co.in>ebidding>ebidding web portal. [Helpline No. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 5.30 PM on all working days].

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (Fin.)
CSPGCL, Raipur

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**-:: निविदा निरस्तीकरण आदेश ::-**

पत्र क्र. 6273/ व.ले.लि. / 2025-26

बिलासपुर दिनांक 19.12.2025

प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, सेक्टर-19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर के पत्र क्रं. 4263573 / निविदा प्रकोष्ठ / 2025 / 3060 (TC) नवा रायपुर दिनांक 24.11.2025 के परिपालन में इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रं. 15/ व.ले.लि./2025-26 दिनांक 29.09.2025 बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत लच्छनपुर व्यपवर्तन योजना के जलद्वारों का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य (तृतीय आमंत्रण) निविदा सिस्टम क्रं. 176781 को निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रं. जी 252603872 दिनांक 02.10.2025

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं
G-252605614/4 गेट संभाग सकरी बिलासपुर (छ.ग.)

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR SMART CITY CORPORATION LIMITED**
N/1-08, Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar- 492 002, Chhattisgarh. Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400. Email: gmtech.nranvp@cg.gov.in
Website: https://navaraipuratalnagar.com

**Tender Notice**

The Managing Director, NRANSCCL invites Request for Proposal for following works:

**RFP No: 03/MD/NRANSCCL/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dated: 19/12/2025**

Name of Work: **"Selection of Chartered Accountant Firms for providing services of Internal Audit, Taxation, Corporate Compliance and other related works to Nava Raipur Atal Nagar Smart City Corporation Limited, Nava Raipur Atal Nagar, Dist.-Raipur (C.G.)"**

**Estimated cost: INR 6.50 Lakhs, EMD: INR 25,000/-, Tender Document Fee: INR 5,000/- Last Time & Date of Submission: 15:00 hrs on 06/01/2025**

The RFP documents can be downloaded from the portal (Website) https://navaraipuratalnagar.com, directly and shall be submitted at the O/o. The MD, NRANSCCL, N/1-08, First Floor, Paryavas Bhawan, Nava Raipur Atal Nagar.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S-46318/1

Managing Director
Nava Raipur Atal Nagar Smart City Corp. Ltd.
Nava Raipur Atal Nagar

## एयरपोर्ट पर मारपीट पायलट पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री के साथ मारपीट मामले में दिल्ली पुलिस ने सोमवार सुबह शिकायत दर्ज कर ली है। यात्री ने आरोप लगाया था कि एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट ने दिल्ली एयरपोर्ट पर उससे मारपीट की थी। मीडिया से बात करते हुए पीड़ित अंकित दीवान ने कहा कि जयपुर में अपनी छुट्टी बिताकर वापस लौटने के बाद उन्होंने ईमेल के जरिए अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

## प्रार्थना सभा में धर्मांतरण महिला समेत 4 गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में धर्मांतरण का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। पुलिस ने प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म बदलवाने के आरोप में एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इसमें बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 6 नंदेलीभाटा - सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**:: शुद्धि पत्र क्र. 1 ::**

निविदा सूचना निविदा सूचना क्र. 07 / व.ले.लि. /2025-26, दिनांक 28.11.2025, निविदा सिस्टम नं. **180416** (प्रथम आमंत्रण), निविदा सूचना क्र. 08/ व.ले.लि./2025-26, दिनांक 28.11.2025, निविदा सिस्टम नं. **180417** (प्रथम आमंत्रण) **जी नम्बर - 252605127** में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| S.No. | Amendments |
|---|---|
| 1 | Online Tenders are invited up to 22.12.2025, 17:30 Hour |
| 2 | Bid Open Date and Time 23.12.2025 at 11:30 Hours. |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

G-252605618/6

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगों नहर संभाग क्र. 6,
नंदेलीभांठा - सक्ती

**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202512100900064 / अ-19 (3) / वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सोरम प.ह.नं. 31 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर, भू-अभिलेख दुर्ग, जिला दुग छ.ग. का ज्ञापन क्रमांक /1416/भू-अभि./ अ.भू.अ./ 2025 दुर्ग दिनांक 06.08.2025 के अनुसार कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) जिला दुर्ग छ.ग. आदेश क्रमांक. /1396/ भू-अभि./ अ.भू.अ./ 2024 दुर्ग दिनांक 05.09. 2024 के माध्यम से कबीरधाम जिला क्षेत्र के कर्वधा वन मण्डल के क्षेत्रांगर्तत ब्लॉक सहसपुर लोहारा के ग्राम बरोदाखुर्द में बरोदाखुर्द जलाशय निर्माण में क्षतिपूर्ति नवीनीकरण के लिए दुर्ग जिला के दुर्ग वनमंडल अंतर्गत ग्राम सोरम तहसील पाटन स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 577 एवं 578 रकबा 1.13 हे. एवं 10.66 हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 11.79 हे. को वन विभाग के पत्र में डी.जी.पी.एस. सर्वेक्षण कार्य एवं वन विभाग के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है। जिसे वनमंडलाधिकारी दुर्ग के नाम पर आबंटित/परिवर्तित करने हेतु अनापत्ति हेतु लेख किया गया है, जो कि निम्नानुसार कार्यवाही करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि को संबंधित विभाग को आबंटित किये जाने हेतु जांच कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार आबंटन कि कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 09.01.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.12.2025 को जारी किया गया।

G-252605627/2 मुहर

तहसीलदार
पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WATER WAYS DIVISION, RANCHI.**
(ROOM NO-503, JAL BHAWAN, DORANDA-834002.)

**e-Procurement Notice TURNKEY**
e-Tender Reference No.- WRD/WWD/RANCHI **-05/2025-26**
Date- **22.12.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Kaimbo Megalift Irrigation Scheme on Turn Key basis with 10 (Ten) years Operation, Maintenance and Management (OMM) (complete job). |
| 2 | Indicative Cost (Rs.) | **Rs. 235,04,44,669.53** (Two hundred thirty-five crore four lakh and forty-four thousand six hundred sixty nine rupees and fifty three paise only) |
| 3 | Cost of Bid | Rs. **10,000.00** ( Non-Refundable, Online mode) |
| 4 | Earnest Money Deposit | **Rs. 2,35,05,000.00 (Online mode)** |
| 5 | Time of Completion | 02 Years (Two Years) |
| 6 | Period of availability of Bidding document on website | From **26.12.2025** at 5.00PM to **28.01.2026** upto 5:00 PM |
| 7 | Date and Time of Pre-bid Conference. (Physical as well as On-line) | **06.01.2026** at 02.00PM at 1st floor, Conference hall, Nepal House, Doranda, Ranchi. |
| 8 | Period of online submission of Bids | From **07.01.2026** at 5.00PM to **28.01.2026** upto 5:00 PM |
| 9 | Date and Time of opening Pre-Qualification Bid | **30.01.2026** upto 02:00 PM. |
| 10 | Date and Time of opening Technical Bids | To be announced after Pre-Qualification Bid |
| 11 | Date and Time of opening Financial Bids | To be announced after Technical Bid |
| 12 | Place of opening of Bids | e-Procurement Cell, Chief Engineer, Water Resources Department, Jal Bhawan, Doranda, Ranchi. |
| 13 | Officer Inviting Bids and his Mobile No. and E-mail id | Executive Engineer, Water Ways Division, Ranchi Mob. No-8340285398 E-Mail Id- eewwdranchi@gmail.com |
| 14 | Help line Number of e-Procurement Cell | 8225963163 |

Note:- 1. Only e-Tender will be accepted. Details available on website https://jharkhandtenders.gov.in
2. Tender Fee and Earnest Money should be deposited through Online mode only as per WRD, Jharkhand letter no-907 dated-04.10.2023 and I.T. & e-Governance Dept. Jharkhand Letter no-120 dated- 03.10.2023

PR 369167 Water Resource (25-26)_D

Executive Engineer
Waterways Division, Ranchi

**छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज ( व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित**
**"वन धन भवनं" सेक्टर 24, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़) - 492007 दूरभाष (0771) 2513100 से 2513110 तक**
**E-mail : mfpfed.cg@nic.in, Website : www.cgmfpfed.org**

अधिसूचना क्रमांक ते. प . (2026)-I

**:: केविएट सूचना ::**

दिनांक 10.12.2025

तेन्दू पत्ता संग्रहण वर्ष 2026 में संग्रहित होने वाले तेन्दू पत्ता के अग्रिम निर्वर्तन हेतु संघ की अधिसूचना क्रमांक ते.प. (2026) -1 दिनांक 10.12.2025 द्वारा पांच चक्रों हेतु ऑन लाईन निविदा प्रथम चक्र दिनांक 07.01.2026 से 13.01.2026, द्वितीय चक्र दिनांक 02.02.2026 से 05.02.2026, तृतीय चक्र दिनांक 23.02.2026 से 26.02.2026, चतुर्थ चक्र 10.03.2026 से 13.03.2026 एवं पंचम चक दिनांक 25.03.2026 से 27.03.2026 तक आमंत्रित की गई है। उक्त आमंत्रित ई-निविदाओं को क्रमशः दिनांक 13.01.2026, 05.02.2026, 26.02.2026, 13.03.2026 एवं 27.03.2026 को संघ मुख्यालय में ऑनलाईन खोला जाना है।

प्रथम चक्र की अग्रिम निर्वर्तन सम्बन्धी उक्त कार्यवाही में संघ को लगभग मूल्य रूपये 800 करोड़ (कर अतिरिक्त) के प्राप्त होने की संभावना है। व्यापारियों के मध्य हुए प्रतिस्पर्धा को देखते हुए संघ को ऐसी आशंका है कि ई-निविदा प्रक्रिया में सम्भावित असफल व्यापारी या अन्य कोई व्यक्ति माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर अग्रिम विक्रय की प्रक्रिया/तेन्दू पत्ता संग्रहण एवं निर्वर्तन के विरूद्ध स्थगन प्राप्त करने का प्रयास कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में संघ एवं तेन्दू पत्ता संग्राहकों को अपूर्णीय क्षति होगी ।

अतः इस केविएट सूचना के द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाले समस्त ई-निविदाकर्ताओं तथा अन्य को सूचना दी जाती है, कि संघ द्वारा किसी भी सम्भावित रिट याचिका एवं स्थगन आवेदन के विरूद्ध केविएट दायर कर दी गई है। अतः प्रस्तावित याचिका कर्ताओं से अपेक्षा है कि याचिका की अग्रिम प्रति संघ के मुख्यालय अथवा संघ के नीचे दिये गये अधिवक्ता के पते पर तामिल की जा सकती है ।

S-46316/2

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास)
सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर (छ.ग.)

अधिवक्ता (सैय्यद माजिद अली)
अधिवक्ता छ.ग. उच्च न्यायालय
मेन रोड, भारती नगर बिलासपुर (छ. ग.) 495001
मो.नं.- 8109367186, 9826494743



# तृप्ति ने एयरपोर्ट पर पैपराजी को दिखाया एटीट्यूड...

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी हाल ही में जब मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। उनका स्टाइलिश लुक और पैपराजी से शांत तरीके से बात करना लोगों का ध्यान खींच रहा है। लेकिन, फोटो क्लिक कराने के मामले में उन्होंने पैपराजी को एटीट्यूड दिखाया। इस दौरान तृप्ति डेनिम आउटफिट में बेहद स्टाइलिश लुक में नजर आईं। उन्होंने अपने इस लुक को ब्लैक इनर और ब्लैक बूट्स के साथ इनहैंस किया। उनका पूरा लुक सिंपल, आरामदायक और आकर्षक दिखा। चेहरे के आधे हिस्से पर उन्होंने ब्लैक मास्क लगा रखा था, जो पैपराजी को पसंद नहीं आया, क्योंकि इसकी वजह से वह तृप्ति के चेहरे की तस्वीरें क्लिक नहीं कर पा रहे थे।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## मैसा में नया अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'मैसा' के निर्माताओं ने आज फिल्म को लेकर एक बड़ा एलान किया है। नए साल से पहले रश्मिका के फैंस को एक सरप्राइज मिलने वाला है। सिकंदर, थामा, छावा, किंगडम और द गर्लफ्रेंड जैसी फिल्मों से दर्शकों का दिल जीत चुकीं रश्मिका मंदाना अब एक एक्शन फिल्म में नजर आएंगी।

इस फिल्म का नाम है 'मैसा'। सोमवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक खूंखार पोस्टर जारी किया और साथ ही इसकी पहली झलक दिखाने का वादा किया। सोमवार को फिल्म निर्माताओं ने फिल्म 'मैसा' का एक पोस्टर एक्स पर जारी किया। निर्माताओं ने फिल्म की पहली झलक दिखाने का वादा करते हुए बताया कि इस फिल्म की पहली झलक 24 दिसंबर को जारी की जाएगी। फिल्म 'मैसा' एक महिला प्रधान पैन-इंडिया एक्शन थ्रिलर है। इसमें रश्मिका एक पूरी तरह नए अवतार में नजर आएंगी, जो उनके अब तक के रोल से बिल्कुल अलग होगा। पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'घावों से ताकत तक। दर्द से आजादी तक। दुनिया #मैसा का नाम याद रखेगी। पहली झलक 24.12.25 को आएगी। रश्मिका को पहले कभी न देखे गए अंदाज में देखने के लिए तैयार रहें।' इस फिल्म को अनफॉर्मूला फिल्म्स बना रहा है। इसे रवींद्र पुल्ले ने लिखा और डायरेक्ट किया है। शूटिंग जल्द शुरू होगी। कैमरा संभालेंगे श्रेयास पी कृष्णा (जिन्होंने सूर्या की 'रेट्रो' में काम किया है)। हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस कोरियोग्राफ करेंगे एंडी लॉन्ग (जिन्होंने 'कल्कि 2898 एडी' में काम किया है)।



## हॉलीवुड मसाला



# द वायर के लिए जाने जाते थे...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अमेरिकी अभिनेता जेम्स रैन्सोन का 46 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जेम्स रैन्सोन को खास तौर पर एचबीओ की प्रतिष्ठित क्राइम ड्रामा सीरीज 'द वायर' में निभाए गए किरदार चेस्टर जिग्गी सोबोटका के लिए जाना जाता है। सीरीज के दूसरे सीजन में उन्होंने एक ऐसे डॉक वर्कर की भूमिका निभाई थी, जो अपराध की दुनिया में उलझा हुआ था। उनकी अदाकारी को आलोचकों और दर्शकों दोनों ने खूब सराहा था।


# अमेरिका की फर्स्ट लेडी की जिंदगी की मिली झलक...



**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' का पहला ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें मेलानिया ट्रंप से ही शुरुआत होती है। वह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के सफर को दिखाती है। किस तरह से उन्हें सलाह और सपोर्ट देती है, इन बातों की झलक ट्रेलर में मिलती है। ट्रेलर के आखिरी में मेलानिया और ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत होती है। वह कहती हैं, 'हैलो मिस्टर प्रेसिडेंट, बधाई हो। इस पर डोनाल्ड ट्रंप पूछते हैं, क्या तुमने देखा? मेलानिया जवाब देती हैं, 'हां, मैं इसे न्यूज में देखा। यह बातचीत उस समय की जब ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे। डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' के ट्रेलर के साथ इसकी रिलीज डेट भी शेयर की गई है। यह डॉक्यूमेंट्री अगले साल थिएटर में रिलीज होगी। डॉक्यूमेंट्री 'मेलानिया' की रिलीज डेट 30 जनवरी 2026 है।

***अब अजय की दृश्यम-3 की हुई घोषणा : मुंबई।*** अजय देवगन की सुपरहिट सस्पेंस-थ्रिलर दृश्यम के तीसरे पार्ट का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में मोहनलाल ने दृश्यम 3 के असली मलयालम वर्जन की शूटिंग शुरू की थी। अब अजय की दृश्यम 3 को लेकर भी जानकारी सामने आ गई है। मेकर्स ने सोमवार को अजय स्टारर 'दृश्यम 3' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। दृश्यम 3 का निर्देशन का अभिषेक पाठक ने किया है। 2 अक्टूबर 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म की कास्ट को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, उम्मीद है कि तीसरे पार्ट में कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां पिछले पार्ट में खत्म हुई थी।

## टीवी मसाला



# खाने के लिए पैसे नहीं थे मुश्किल से किया गुजारा

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी, मायका, प्यार का बंधन, आहट, संस्कार लक्ष्मी जैसे पॉप्युलर टीवी शो का हिस्सा रह चुके विवान भटेना को हाल ही में फरहान अख्तर की 120 बहादुर में देखा गया था। शरारत एक्टर ने अपने कॅरियर के पीक पर टीवी को छोड़ दिया था और इसकी वजह एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताई है।

उनके मुताबिक, एक समय पर उनकी आर्थिक स्थिति इतनी खराब थी कि वह मुश्किल से गुजारा कर पाते थे। विवान भटेना ने बताया, मुझे हमेशा से ही एनआरआई वाले रोल्स मिलते थे। लेकिन, इस बात को कोई नहीं मानता था कि मेरे पास खाने के लिए भी पैसा नहीं होते थे। हम जैसे-तैसे गुजारा करते थे। हालांकि, मैं ये नहीं कहूंगा कि हम बहुत गरीब थे, लेकिन वाकई गुजारा करना मुश्किल था। विवान ने आगे बताया कि उन्हें कुछ पैसे कमाने के लिए वीडियो जॉकी के रूप में काम करना पड़ा था। मुझे टीवी थोड़ा बोरिंग लगने लगा था। उससे ऊब गया था। क्योंकि, मैं 7-8 साल से एक ही काम कर रहा था। एक्टर के मुताबिक, वह उस वक्त एक साथ दो शोज कर रहे थे। वह सुबह उठते ही जिम जाते थे। सुबह 9 बजे तक सेट पर पहुंच जाते थे और 2 बजे तक शूटिंग करते थे। फिर दूसरे सेट पर जाते और वहां रात के 10 बजे से सुबह 2 बजे तक शूटिंग करते थे। विवान ने बताया कि इस तरह शूटिंग करने से उनकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ा था। लेकि,न वह मजबूरन ये करते थे क्योंकि उनकी शादी हो चुकी थी और उन पर कई जिम्मेदारियां थी। उन्होंने कहा कि टीवी के शुक्रगुजार हैं, क्योंकि उसकी वजह से ही वह अपना होमलोन चुका पाए थे। आज टीवी की वजह से ही मेरे पास बांद्रा में दो घर हैं। लोग इस मीडियम को घटिया कहते हैं। नीची नजर से देखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है।



## घिन आ रही, सबसे डरावना अनुभव था

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो स्टार उर्फी जावेद चर्चा में हैं। उन्होंने मुंबई पुलिस स्टेशन से अपनी और बहन की फोटो शेयर करके फैंस को हैरान कर दिया है। उर्फी ने सोमवार तड़के अपनी फोटो शेयर की, जो देखते ही देखते वायरल हो गई। उन्होंने ये जानकारी नहीं दी है कि वो पुलिस स्टेशन में क्यों है। उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी और बहन डॉली जावेद की फोटो शेयर की। उन्होंने इसे अपनी जिंदगी का 'सबसे डरावना अनुभव' बताया। उनकी बहन डॉली जावेद ने भी एक पोस्ट किया है, जिसमें बताया है कि मुंबई में एक हफ्ते में ये दूसरी बार है, जब उन्हें असुरक्षित महसूस हो रहा है। उर्फी जावेद ने 22 दिसंबर की सुबह मुंबई के दादाभाई नौरोजी पुलिस स्टेशन से कुछ फोटोज इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कीं। एक फोटो में वो और उनकी बहन पुलिस स्टेशन में नजर आ रही थीं। कैप्शन में उर्फी ने लिखा, 'सुबह के 5 बज रहे हैं और मैं पुलिस स्टेशन में हूं। मेरे जीवन का सबसे डरावना अनुभव रहा। मैं और मेरी बहनें एक मिनट भी नहीं सोई हैं।' जैसे ही उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की, उनके फैंस ने उनसे पूछा कि क्या हुआ और क्या वे ठीक हैं। उर्फी जावेद ने सोनी टीवी के शो 'बड़े भैया की दुल्हनिया', 'कसौटी जिंदगी की 2', 'चंद्र नंदिनी', 'मेरी दुर्गा' जैसे शोज में काम किया है।

# नया गाना आदत रिलीज किया शानदार डांस



**मुंबई।** सिंगर हनी सिंह अपने बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। इस बार वह बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर और एपी ढिल्लों के साथ गाना 'आदत' लेकर आए हैं। 3 मिनट 42 सेकंड के वीडियो में हनी सिंह गाना गा रहे हैं और वाणी कपूर के साथ डांस भी कर रहे हैं। यह गाना एल्बम '51 ग्लोरियस डेज' के तहत आया है। गाने में देखा जा सकता है कि वाणी कपूर ने कई बेहतरीन आउटफिट में डांस किया है। गाने में वह कभी एपी ढिल्लों के साथ डांस कर रही हैं तो कभी हनी सिंह के साथ डांस कर रही हैं। गाने में समुद्र, स्विमिंग पूल, घोड़े के अस्तबल और शानदार घर नजर आए हैं। 'आदत' के लिरिक्स हनी सिंह, एपी ढिल्लों और शिंदा कहलों ने लिखे हैं। विनोद वर्मा ने इस गाने को म्यूजिक दिया है। गाने के वीडियो के निर्देशक मिहिर गुलाटी हैं। वाणी कपूर ने साल 2017 में रिलीज हुए गाने 'मैं यार मनाना नी' में शानदार डांस किया था। आखिरी बार उन्हें बॉलीवुड की फिल्म 'रैड 2' में देखा गया था। वह फिल्म 'अबीर गुलाल' में भी नजर आईं, हालांकि यह फिल्म भारत में रिलीज नहीं हुई थी। जल्द ही वह फिल्म 'बदतमीज गिल' का हिस्सा होंगी।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06-जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019.** (RO-348)

**मजदूर/अकाउटेंट**

आवश्यकता है- मजदूर/ अकाउंटेंट/ मिस्त्री दाल मिल में कार्य करने हेतु (1) 6 मजदूर आवास सुविधा मासिक वेतन 13500/- से 15000/- रुपए (2) अकाउंटेंट दो वर्ष का अनुभव टेली एवं एक्सल कार्य करने का। (3) मिस्त्री जिसे सारटेक्स प्लांट चलाने का अनुभव हो। **संपर्क करें के. एस. दाल मिल बंजर पारा सड्डू रायपुर मो. नं. 9407943129.** (RO-6511)

**कम्प्यूटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य कम्प्यूटर ऑपरेटर 01 पद, एकांटेड 01 पद योग्यता स्नातक + कंप्यूटर अनुभवी को प्राथमिकता हिंदी /अंग्रेजी टाइपिंग अनिवार्य वेतन योग्यतानुसार- पांच अंको में **पता -जय महामाया ट्रेवल, उपरवारा, अटल नगर नया रायपुर मो. - 9685545594, 9340686016** (RO-6512)

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- बैरन बाजार रायपुर स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान में 25 - 35 वर्षीय पढ़ी-लिखी महिला केयर टेकर 24 घंटे रहने- खाने की सुविधा एवं अच्छा वेतन। बाहरी व जरूरतमंद महिला को प्राथमिकता **संपर्क करें- 7225844359.** (RO-6510)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सेल्सकर्मी/इंजीनियर**

आवश्यकता है- सीमेंट सेल्स एक्जीक्यूटिव , और इंजीनियर की और टेलिकालिंग हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। **पता- संतोषी कंस्ट्रक्शन नियर गोल चौक अरपा परिसर शॉप नंबर 17 कबीर नगर रायपुर संपर्क करें- 9039358650, 8815464571.** (RO-A)

**अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- 2 अनुभवी अकाउंटेंट की आवश्यकता है विधानसभा चौक के पास वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क 8602110001, 9439637208.** (RO-A)

**सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- बंगल्स की दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करे बंगल्स स्टूडियो शुभम 'केमार्ट के सामने संतोषी नगर रायपुर मो. 93028-22500.** (RO-122)

**अधिवक्ता**

आवश्यकता है- भिलाई में लीगल कार्य हेतु अधिवक्ता की आवश्यकता है। कार्य फुलटाईम/ पार्टटाईम वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा **वॉट्सऐप करें :-मों.- 99078-47688.** (आरो न.-4127)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के , आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क 7880003190, 7880003160.** (RO-521)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 23,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222.** (RO-20)

आवश्यकता है- अनुभवी घरेलू ऑटोमेटिक कार ड्राइवर की, गायत्री नगर, अवंती नगर / शंकर नगर रायपुर के पास रहने वाले को प्राथमिकता । आवेदन करें, लायसेंस व आधारकार्ड के साथ । **सम्पर्क मोबाइल 9977703216.** (RO-955)

**सेल्समैन/अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु सेल्समैन, महिला एवं टैली अकाउंटेंट (फीमेल) की आकर्षक वेतन **संपर्क करें राजेश होजियरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201.** (RO-121)

**हेल्पर**

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री। **पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534.** (RO-39436)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**मैनेजर/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- अचार पापड़ एवं बड़ी फैक्ट्री में बनाने और पैकिंग कार्य हेतु महिलाओं की आवश्यकता है। मैनेजर- 01 Post 25 K सैलरी, सुपरवाइजर 01 Post 20 K सैलरी, पैकिंग लेबर 06 Post 10 से 12 K सैलरी अपने बायोडाटा को नीचे दिए गए नंबर पर Send करें। आधार कार्ड , निवास प्रमाण पत्र , (मार्कशीट की कॉपी) की प्रति के साथ **पता- बंजारी मंदिर रोड, रावांभाटा मो. 9174832566** (RO-6513)

**क्लीनिक कार्य**

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक क्लीनिक में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़किया/ पुरूष/ महिला जरूरत **संपर्क:-डॉ अग्रवाल गुरूद्वारा स्टेशन रोड दुर्ग मोहन नगर थाना के सामने मो.- 98271-99213** (आरो न.-4126)

**सर्विसिंग कार्य**

आवश्यकता है- दो पहिया वाहन धुलाई (सर्विसिंग) हेतू युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 अनुभवनुसार **संपर्क करें:- किशोर ऑटो पार्ट्स जय शंकर प्लाजा डगनिया मोबाइल 9425203217.** (RO-433)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- पंप एवं नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता, सैलरी 10000- 12000, हेमाल की सैलरी 15000, **बजाज एंटरप्राइजेज स्टेशन रोड रायपुर 964443 3085, 9425843865.** (RO-119)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 8168338503, 8168338503.** (RO-435)

**Property प्रापर्टी**

**दुकान**

बेचना है- **प्रीमियम शॉप स्पेस फॉर सेल** शहीद स्मारक काम्पलेक्स अपोजिट नवभारत प्रेस ग्राउंड फ्लोर 02 शॉप प्रत्येक शॉप 550 स्क्वायर फीट **संपर्क- 9431103284, 9955712450.** (RO-6595)

**मकान**

बेचना है - प्राइम लोकेशन इंडिपेंडेंट मकान तेलीबांधा (आनन्दनगर) रायपुर 2400 वर्गफीट 1100 कंस्ट्रक्शन तीन बेडरूम, ड्राइंग, डायनिंग,कार पार्किंग, ओपन स्पेस 24 घंटे पानी। **संपर्क : 09289726500.** (RO-0307)

**Available उपलब्ध**

**सुपर मार्केट सेटअप**

बिक्री- बिक्री हेतु पूरा सुपर मार्केट सेटअप उपलब्ध है डिस्पले रैक, चिलर, फ्रिज, इलेक्ट्रिकल ट्यूबलाइट्स, कैश काउंटर एवं अन्य फिक्स्चर। अच्छी तरह से मेंटेन किया हुआ। **स्थान: श्याम नगर, रायपुर** Whatsapp **8591607162.** RO-A)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- किराए से- 2 BHK शंकर नगर में सरकारी नौकरी/ गर्ल्स/ स्टूडेंट को देना है 1 BK किराए से चाहिए शंकर नगर मोवा में अटैच लेट बाथ **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 8959175736, 9329026819.** (RO-436)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

RAIPUR Smart BUSINESS
GST रजिस्ट्रेशन नम्बर बनवाएं मात्र 3 दिन में
5 साल पुरानी ITR फाइल बनवाएं मात्र 5000/- में (व्हाट्सएप पर बनवाएं) www.onlytds.com
GST-Return
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
TDS रिफंड
CMA DATA
MSME रजिस्ट्रेशन
Food लाइसेंस
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## जैकेट के शेष

### न साइकिल बांटी, न सिलाई ...

2022-23 के बीच मौजूदा राज्य सरकार ने यही किया है। यह तथ्य सीएजी की रिपोर्ट से सामने आया है। यही नहीं, सीएजी ने सिफारिश भी की है कि इन मामलों में दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। सीएजी की 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए निष्पादन एवं अनुपालन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में असंगठित क्षेत्रों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में विस्तार से बताया गया है कि दरअसल तत्कालीन राज्य सरकार ने गरीब मजदूरों के लिए बनाई योजनाओं की क्या हश्र किया है। **78 प्रतिशत श्रमिकों का पोर्टल में पंजीयन तक नहीं**: असंगठित क्षेत्र में, छत्तीसगढ़ राज्य के 76.33 लाख श्रमिकों को भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के तहत पंजीकृत किया गया था, जिसमें से केवल 16.62 लाख (22 प्रतिशत) श्रमिकों को छत्तीसगढ़ श्रम पोर्टल के तहत पंजीकृत किया गया था। यानी 78 प्रतिशत श्रमिकों का पंजीयन ही नहीं किया गया। जबकि संगठित क्षेत्र में 8 लाख के लक्ष्य के विरुद्ध केवल 2.05 लाख (26 प्रतिशत) श्रमिकों को लेखापरीक्षा अवधि के दौरान पंजीकृत किया गया था।

### छह साल तक श्रमिकों को ...

वितरण योजनाओं के लिए खरीदी गई साइकिल का वितरण न करना, सफाई कर्मकार को प्रत्येक वर्ष आवश्यक उपकरण और सुरक्षात्मक गियर उपलब्ध न कराना एवं शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना में विभिन्न केंद्रों पर नियमित रूप से भोजन का वितरण नहीं किया जाना पाई गई।

### भूपेश बोले-नड्डा ने किया...

आप साठगांठ का आरोप लगाकर उनकी शहादत का अपमान कर रहे हैं। सोशल मीडिया एक्स में ट्विट कर पूर्व सीएम ने कहा, आपको बताना चाहिए प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय जब हम चाहते थे कि नक्सली हमले के पीछे षड्यंत्रकारी कौन है, उसका पता लगे, तब आप अदालतों में याचिका लगवाकर जांच क्यों रोक रहे थे? आप क्यों नहीं षड्यंत्रकारियों का पता चलने देना चाहते थे? आप बताइए कि अब झीरम के कथित हमलावर हिरासत में हैं, तो उनसे षडयंत्र के बारे में पूछताछ होगी? आप नक्सलियों से लड़िए, यह हम सब चाहते हैं। आज जिस रास्ते पर चलकर नक्सलवाद सिकुड़ रहा है, वह रास्ता कांग्रेस की सरकार ने ही तैयार किया है, लेकिन आप उसे दरकिनार क्यों करना चाहते हैं? 15 साल आपकी सरकार रही तब आपने नक्सलवाद खत्म क्यों नहीं किया? तब तो नक्सली जनसंहार कर रहे थे। आदिवासियों को मार रहे थे। 700 गांव खाली हो गए थे और डॉ रमन सिंह तो सुरक्षा सलाहकार केपीएस गिल से कह रहे कि वेतन लो और मौज करो।

### झीरम कांड पर भाजपा...

सरकारी नौकरियां पूरी पारदर्शिता के साथ दी गई हैं, जिसमें युवाओं को किसी सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ी। प्रदेशभर में नालंदा की तर्ज पर आधुनिक लाइब्रेरी बनाई जा रही हैं और 107 आईटीआई को अपग्रेड किया गया है। किसानों के हित में बकाया बोनस का भुगतान किया गया है और 3100 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना चलाई जा रही है तथा महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। आदिवासी समाज के लिए तेंदूपत्ता के दरों में बढ़ोतरी की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने गरीबों के आवास रोके थे, जिन्हें भाजपा सरकार बनते ही पूरा किया गया। अब तक 18 लाख से अधिक गरीब परिवारों को पक्का मकान मिल चुका है। राज्य में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, रेल बजट 22 गुना बढ़ा है, 3000 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण जारी है और जगदलपुर एयरपोर्ट की शुरुआत हो चुकी है। डिजिटल भारत की उपलब्धियों पर उन्होंने कहा कि आज दुनिया के 40 प्रतिशत डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहे हैं और 92 प्रतिशत मोबाइल फोन भारत में बन रहे हैं। गांव-गांव में डिजिटल गतिविधियां बढ़ी हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रदेश में 11 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और 4 नए मेडिकल कॉलेज जोड़े जा रहे हैं, जिनमें जांजगीर भी शामिल है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, डेंटल कॉलेज और स्वास्थ्य अभियानों के चलते 11 जिले मोतियाबिंद मुक्त हो चुके हैं।

### शराब घोटाले में ...

है। चैतन्य बघेल 18 जुलाई से जेल में बंद हैं।
**केंद्र के साथ राज्य की जांच एजेंसी ने दर्ज किया है अपराध** : शराब घोटाले को लेकर ईडी के साथ ईओडब्लू ने अपराध दर्ज किया है। चैतन्य को दोनों जांच एजेंसियों ने अपने अपने प्रकरण में आरोपी बनाया है। ईओडब्लू ने अपने प्रकरण में चालान पेश किया है।

### पूर्व आबकारी आयुक्त...

आयुक्त को 13 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। निरंजन दास को राज्य प्रशासनिक सेवा के निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया के बयान के आधार पर ईडी ने गिरफ्तार किया है। शराब घोटाला के आरोप में ईडी ने सौम्या को गिरफ्तार किया है जो वर्तमान में सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं।

### थप्पड़ का बदला लेने...

जानकारी के अनुसार मामला सीमा पर बसे जिले के अंतिम गांव घाघरा में 17वीं वाहिनी सीएएफ के बेस कैंप का है, जहां दो महीने पहले ही आईटीबीपी की जगह सीएएफ को तैनात किया गया था। साथ में जंगलों में सर्च करने वाले जवान सोनवीर जाट मीरपुर थाना पिसावा जिला अलीगढ़ यूपी का अरविंद गौतम पिता भिखरी प्रसाद गौतम हाजीपुर आजमगढ़ यूपी से देर शाम साढ़े सात बजे के आसपास किसी बात पर हो रही चर्चा कहा-सुनी में बदल गई और तमतमाए सोनवीर ने अरविंद गौतम को एक-दो तमाचा जड़ दिया। जवानों ने बीच-बचाव कर मामला उस समय शांत करा दिया, लेकिन साथी जवानों के सामने गाल लाल हुए अरविंद गौतम ने इसे बेइज्जती समझा और ड्यूटी के दौरान मिले इंसास रायफल से रात बारह बजे के आसपास बैरक में घुसकर सोए हुए सोनवीर के चेहरे पर गोली दाग दिया। गोली की आवाज से बौखलाए साथी जवान उठे, कुछ ने अरविंद से रायफल छीनी तो कुछ हताहत सोनवीर को बचाने की जुगत में लग गए, लेकिन चेहरे पर गोली लगने से सोनवीर की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।

### कांकेर एसपी एलेसेला पर...

में इंदिरा कल्याण एलेसेला पुलिस अधीक्षक कांकेर को उप महानहरीक्षक छग सशस्त्र बल उत्तरी रेंज सरगुजा, निखिल अशोक कुमार रखेचा पुलिस अधीक्षक गरियाबंद को पुलिस अधीक्षक कांकेर के पद पर पदस्थ किया गया है। वेदव्रत सिरमौर महाप्रबंधक छग पर्यटन मंडल की प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए उन्हें पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के पद पर पदस्थ किया गया है।

---

‘बाबरी मस्जिद’ की नींव रखकर आए हैं चर्चा में

# हुमायूं कबीर ने किया नई पार्टी का ऐलान दो सीटों से लड़ेंगे विधानसभा चुनाव




एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले अपनी नई पार्टी का गठन किया है। इसका नाम उन्होंने जनता उन्नयन पार्टी रखा है। बेलाडांगा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कबीर ने कुछ उम्मीदवारों के नाम बताए जिन्हें उनकी नई पार्टी राज्य में 2026 के विधानसभा चुनावों में मैदान में उतारेगी। भरतपुर के विधायक कबीर ने कहा कि वह मुर्शिदाबाद की दो सीटों, रेजिनगर और बेलडांगा से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। कबीर ने पत्रकारों से कहा, ‘यह पार्टी आम आदमी के लिए काम करने के लिए बनाई जा रही है।’ उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी पर भी निशाना साधते हुए दावा किया कि वह आरएसएस के साथ मिलीभगत कर रही हैं।

#### भागवत के बयान पर दी प्रतिक्रिया

*आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत के ‘बाबरी मस्जिद’ के निर्माण संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कबीर ने कहा कि हालांकि वे भगवत का सम्मान करते हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल में अशांति फैलने के उनके आकलन से असहमत हैं। उन्होंने कहा, ‘हम मोहन भगवत का सम्मान करते हैं, लेकिन उनके इस आकलन से कि यहां दंगे आदि हो सकते हैं, हम ऐसा कुछ भी नहीं होने देंगे।’*

#### आरएसएस से मिलीभगत का आरोप

कबीर ने मुख्यमंत्री ममता पर आरएसएस से संबंध होने का आरोप लगाया और दावा किया कि उनके कार्यकाल में राज्य में आरएसएस की उपस्थिति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भागवत ने हाल ही में 15 दिनों के लिए पश्चिम बंगाल का दौरा किया था और उनकी अगली यात्रा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ‘मुख्यमंत्री के आरएसएस से कुछ संबंध हैं। हाल ही में मोहन भगवत जी 15 दिनों के लिए बंगाल आए थे, अब वे दोबारा यहां कैसे आ गए? उन्हें यहां आने के लिए राज्य सरकार की अनुमति की आवश्यकता है।’ अगले साल पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में कबीर का नई राजनीतिक पार्टी बनाने का फैसला राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, इस नई पार्टी का चुनावी परिदृश्य पर कितना असर पड़ेगा, यह देखना अभी बाकी है।

---

## पेज एक के शेष

### पहाड़ में जंगलों के बीच...

जा रही थी। सुरक्षा बलों की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से नक्सलियों की यह हथियार फैक्ट्री पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। जिससे माओवादियों को झटका लगा है।

### एच-1बी वीजा पर...

भारत आया था। उसे 17 और 23 दिसंबर को कॉन्सुलर अपॉइनमेंट दिया गया था। हालांकि उनका भी अपॉइनमेंट रद्द कर दिया गया। अब सवाल यह है कि कंपनियां किसी कर्मचारी का कितने दिन इंतजार करेंगी। अमेरिकी प्रशासन ने ईमेल के जरिए जानकारी दी है कि नई सोशल मीडिया वेटिंग पॉलिसी के चलते अपॉइनमेंट में देरी हो रही है। अमेरिका का कहना है कि सुरक्षा कारणों से अब वीजा रिन्यू करने में काफी सावधानी बरती जा रही है। इस वजह से प्रक्रिया में थोड़ा समय लगेगा। इससे पहले 9 दिसंबर को भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा था कि अगर आपको रीशेड्यूल का मेल मिला है और इसके बाद भी आप दूतावासा आते हैं तो आपको एंट्री नहीं दी जाएगी।

### राज्य कर्मचारियों को ...

60 लाख रुपए का हवाई दुर्घटना बीमा, एक करोड़ रुपए का स्थायी पूर्ण दिव्यांगता बीमा, 80 लाख रुपए का आंशिक दिव्यांगता बीमा और 10 लाख रुपए का समूह जीवन बीमा दिया जाएगा। खास बात यह है कि इन सभी बीमा सुविधाओं के लिए कर्मचारियों को कोई अतिरिक्त प्रीमियम नहीं देना होगा। इसके अलावा एसबीआई रुपे कार्ड पर 1 करोड़ रुपए के बीमा कवर में अतिरिक्त 10 लाख रुपए का लाभ भी मिलेगा। स्वास्थ्य बीमा टॉप-अप जैसी सुविधाएँ रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

### मजबूत सुरक्षा कवच साबित...

उनके परिवारों के लिए मजबूत सुरक्षा कवच साबित होगा।

### कर्मचारी-हितैषी...

किसी अतिरिक्त खर्च के इतनी व्यापक बीमा सुविधाएँ मिलना राज्य सरकार की कर्मचारी-हितैषी नीति को दर्शाता है। यह एमओयू 22 दिसंबर 2025 को वित्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की उपस्थिति में हुआ। इस समझौते से राज्य के नियमित कर्मचारियों को न सिर्फ बेहतर बैंकिंग सुविधाएँ मिलेंगी, बल्कि दुर्घटना या आकस्मिक स्थिति में उन्हें और उनके परिवार को बड़ी आर्थिक राहत भी सुनिश्चित होगी।

### 8 करोड़ की ठगी के बाद...

प्रदर्शनों से संबंधित पुलिस गोलीबारी मामलों में आरोपियों में से एक हैं। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से एक पत्र बरामद हुआ है, जिससे पता चलता है कि वह किसी वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुए थे। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के नाम लिखे पत्र में चहल ने आरोप लगाया कि जालसाज ‘एफ-777 डीबीएस वेल्थ इक्विटी रिसर्च ग्रुप’ के नाम से व्हाट्सऐप और टेलीग्राम समूहों के माध्यम से सक्रिय थे और डीबीएस बैंक और उसके सीईओ के साथ संबंधों का झूठा दावा कर रहे थे।
पत्र के अनुसार, समूह ने स्टॉक ट्रेडिंग, आईपीओ आवंटन, ओटीसी ट्रेड और तथाकथित क्वांटिटेटिव फंड के माध्यम से असामान्य रूप से उच्च रिटर्न का वादा करके निवेशकों को लुभाया। पत्र में कहा गया है कि बढ़ा-चढ़ाकर मुनाफा दिखाने के लिए फर्जी डैशबोर्ड बनाए गए थे, जिससे धीरे-धीरे निवेशकों में विश्वास पैदा हुआ और उन्हें बड़ी रकम जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। चहल ने दावा किया कि उन पर बार-बार मुनाफे को दोबारा निवेश करने का दबाव डाला गया और बाद में उनसे अपना पैसा निकालने के लिए भारी सेवा शुल्क, कर और अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करने को कहा गया, जो कई करोड़ रुपए का था। पूर्व पुलिस अधिकारी ने बताया कि बैंक के माध्यम से सभी भुगतान करने के बावजूद, निकासी की प्रक्रिया कभी पूरी नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घोटाला अत्यधिक संगठित था, जिसमें कई बैंक खाते और व्यक्ति शामिल थे, और अधिकारियों से आग्रह किया कि वे धन के स्रोत का पता लगाने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करें या मामले को किसी विशेष केंद्रीय एजेंसी को सौंप दें।
गौरतलब है कि अमर सिंह चहल 2015 में फरीदकोट में हुए बहबल कलां व कोटकपुरा गोलीकांड मामले में आरोपी हैं। फरवरी 2023 में एडीजीपी एलके यादव की अगुवाई वाली पंजाब पुलिस स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम (सिट) ने फरीदकोट अदालत में एक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें कई राजनेताओं और अमर सिंह चहल समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम थे।

---

## प्रदूषण : गुरुग्राम में बदला ऑफिसों का समय

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए गुरुग्राम के अधिकारियों ने ऑफिसों को अपने कामकाज के तरीके बदलने के लिए कहा है और सरकारी ऑफिसों के टाइमिंग में भी बदलाव किया है। गुरुग्राम के उपायुक्त ने रविवार को एक निर्देश जारी किया। इसके अनुसार, राज्य सरकारें/जीएनसीटीडी कार्यालयों को 50% कर्मचारियों के साथ काम करने की अनुमति दे सकती हैं, शेष कर्मचारी घर से काम करेंगे।’

नयी समय सूची के अनुसार, हरियाणा सरकार के कार्यालय- सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुलेंगे। नगर निगम, गुरूग्राम एवं मानेसर के ऑफिस सुबह 8:30 बजे शाम 4:30 बजे तक खुलेंगे वहीं नगर परिषद, सोहना और पटौदी मंडी और नगर समिति, फर्रुखनगर सुबह 8:30 बजे से शाम 4:30 तक खुलेंगे। कर सभी प्राइवेट ऑफिसों को घर से काम करने की व्यवस्था अपनाने को कहा। गुरुग्राम जिला प्रशासन ने क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों के कामकाज के घंटों में भी बदलाव किया है।

---

वायरल वीडियो ने भाजपा विधायक की कराई किरकिरी

# व्हील चेयर लेने के बाद उठ खड़ा हुआ ‘दिव्यांग’



एजेंसी ▶▶| सुल्तानपुर

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में लंभुआ विधानसभा सीट के विधायक सीताराम वर्मा की इन दिनों एक वायरल वीडियो को लेकर जमकर किरकिरी हो रही है। दरअसल, सीताराम वर्मा ने 20 दिसंबर 2025, शनिवार को दिव्यांगजनों के लिए व्हील चेयर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में उनके विधानसभा क्षेत्र से कई दिव्यांगजन व्हील चेयर लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान एक ‘दिव्यांग’ व्हील चेयर लेने के बाद अपने पैरों पर चलकर उसे ले जाता हुआ दिखा। यह घटना मोबाइल कैमरों में रिकॉर्ड हो गई जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है।

#### ऐसा है मामला

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बुजुर्ग व्यक्ति व्हील चेयर पर बैठकर फोटो क्लिक कराता है। उस फोटो में सीताराम वर्मा के साथ-साथ अन्य बीजेपी नेता भी उपस्थित होते हैं। फोटो जैसे ही क्लिक हो जाती है उसके बाद व्हील चेयर पर बैठा शख्स उठकर खड़ा हो जाता है और व्हील चेयर लेकर वहां से चला जाता है। इस वीडियो ने विधायक सीताराम वर्मा और अन्य नेताओं की किरकिरी कराई है।

#### विधायक की दी सफाई

*वीडियो वायरल होने के बाद सीताराम वर्मा ने एक वीडियो बनाकर अपना पक्ष लोगों के सामने रखा। उन्होंने कहा कि जिस दिव्यांग को व्हील चेयर दी जानी थी, वह बीमारी के कारण उस कार्यक्रम में नहीं आ सका था। ऐसे में उसके पिता को व्हील चेयर सौंपी गई। हालांकि, इस सफाई के बाद भी सवाल उठने लगे कि अगर व्हीलचेयर पिता को ही देनी थी, तो एक स्वस्थ व्यक्ति को उस पर बैठाकर फोटो और वीडियो बनवाने की जरूरत क्यों पड़ी?*

---

एनआईए की बड़ी कार्रवाई


# माओवादी समर्थन के आरोप में पूर्व नक्सली इन्नैया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तेलंगाना के जंगांव जिले से एक एक्टिविस्ट और पूर्व नक्सली को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के समर्थन में बयान दिए हैं। एनआईए अधिकारियों के मुताबिक, ये बयान माओवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले थे। इसी आधार पर एजेंसी ने कार्रवाई की। मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण जांच एजेंसी ने सख्त रुख अपनाया है। गिरफ्तार किए गए शख्स की पहचान 64 वर्षीय गडे इन्नैया उर्फ गडे इन्ना रेड्डी के रूप में हुई है। वह भारत बचाओ संगठन का प्रतिनिधि भी बताया जा रहा है। एनआईए ने उन्हें गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में आरोपी बनाया है। एजेंसी का कहना है कि उनका पिछला नक्सली जुड़ाव भी जांच का अहम हिस्सा है। एनआईए ने यह भी दावा किया कि इन्नैया ने वहां मौजूद लोगों को गैरकानूनी गतिविधियों के लिए उकसाया। अधिकारियों के मुताबिक, उन्होंने माओवादी क्रांति को जारी रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

#### अंतिम संस्कार में दिए गए बयान

एनआईए के अनुसार, गडे इन्नैया ने एक मृत सीपीआई (माओवादी)




कैडर के अंतिम संस्कार के दौरान सभा को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कथित तौर पर प्रतिबंधित संगठन के समर्थन में बातें कहीं. एजेंसी का आरोप है कि उनका मकसद माओवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाना था। एनआईए का कहना है कि ऐसे बयान कानून व्यवस्था के लिए खतरा बन सकते हैं।

---

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। |
| वृष | परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे। |
| मिथुन | तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं। |
| कर्क | आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। |
| सिंह | कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। |
| कन्या | परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें। |
| तुला | धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। |
| वृश्चिक | भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। |
| धनु | कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। |
| मकर | व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। |
| कुंभ | तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे। |
| मीन | दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी। |

---

सजा होने पर दिया था मंत्री पद से इस्तीफा

# एनसीपी नेता कोकाटे को मिली सुप्रीम राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अजित पवार की पार्टी एनसीपी के विधायक माणिकराव कोकाटे को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हे जिले न्यायालय ने जालसाजी से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराते हुए 2 साल की सजा दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस सजा पर फिलहाल के लिए रोक लगा दी है, जिसके चलते उनकी विधानसभा सदस्यसता पर लटक रही तलवार हट गई है। निचली अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद एनसीपी के कोटे से मंत्री बने माणिकराव ने मंत्री पद छोड़ दिया था।

#### नासिक कोर्ट ने सुनाई थी सजा

बता दें कि नासिक जिला न्यायालय ने पहले माणिकराव कोकाटे को तीन दशक पुराने फ्लैट आवंटन से जुड़े एक केस में दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी। खास बात यह भी है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अगर किसी भी विधायक/सांसद को दो या दो साल से ज्यादा की सजा होती है, तो उसे सजा सुनाए जाने के साथ ही अयोग्य करार दे दिया जाता है।

हालांकि उन्होंने 2 साल की सजा वाले फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी और आज सुनवाई में कोर्ट ने उन्हें एक बड़ी राहत दे दी है।

**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION, BILASPUR**
**2ND FLOOR, VIKAS BHAWAN, NEHRU CHOWK**
Phone No. 07752-222642, Fax : 07752-413888
Website - www.bilaspurnagarnigam.com, e-mail - commissionerbmcbilaspur@gmail.com

**e-Procurement - REQUEST FOR PROPOSAL**

No.02/BMC/SEWERAGE/2025-26 Bilaspur Dated 19/12/2025

BMC invites for Online Proposals from Eligible and experienced Consultants/Bidders are invited for the following works:-

| System Tender No. | Name of work | PAC | Bid Due Date |
|---|---|---|---|
| 182025 | Selection of Project Management Consultant (PMC) for Balance work of Under Ground Sewerage System of Bilaspur | 84.31 | 12/01/2026 |

Details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in

Executive Engineer
BMC, Bilaspur (C.G.)

Green City, Clean City, Dream City.

**EMPLOYMENT NOTIFICATION 2025**

**NMDC-DAV Private Industrial Training Institute, Nagarnar, Jagdalpur, Distt.-Bastar (C.G.), Pin-494001**
Applications are invited for trained, experienced and competent candidates with good academic record for the post of Instructor Mason (Practical), Computer Instructor and Lower Divisional Clerk for NMDC-DAV Private Industrial Training Institute, Nagarnar Jagdalpur Distt-Bastar (C.G.)

The eligible candidates are required to apply online on the institute's website http://nmdcdavitinagarnar.com for which the link will be opened from date 23/12/2025. Applications received by any other means will not be accepted.


The prospective candidates are required to go through the details given on the website, otherwise the management will not be responsible for any such lapses on their part.

The last date for submission of the online application form is 31/12/2025.

**Regional Officer**
**DAV Institutions, CG Zone-A**

---

## शब्द पहेली - 6086



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरूम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

**शब्द पहेली -6085 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6096

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6095 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप

### रियल्टी क्षेत्र में रिकॉर्ड 10.4 अरब डॉलर का निवेश आया



**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में 2025 के दौरान संस्थागत निवेश 17 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 10.4 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। जेएलएल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि बेहतर प्रतिफल के लिए घरेलू और विदेशी, दोनों निवेशकों ने वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं में पूंजी लगाई है।

### वरुण बेवरेजेज ट्विजा का करेगी अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** वरुण बेवरेजेज ने दक्षिण अफ्रीका स्थित कंपनी ट्विजा का अपनी स्थानीय अनुषंगी कंपनी द बेवरेजेज कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (बेवको) के माध्यम से पूर्ण अधिग्रहण करने की घोषणा की है। वरुण बेवरेजेज, पेप्सिको की भारत तथा दुनिया के कई देशों में ब्रांडेड पेय पदार्थों का निर्माण एवं वितरण करती है। इसमें शराब के कोई पदार्थ शामिल नहीं है।

### एसीसी और ओरिएंट सीमेंट के विलय को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट के निदेशक मंडल ने सोमवार को अपनी अनुषंगी इकाइयों एसीसी लिमिटेड और ओरिएंट सीमेंट का कंपनी में विलय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अंबुजा सीमेंट ने एक बयान में कहा कि इस विलय से परिचालन दक्षता बढ़ेगी, विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल होगा और पूंजी का अधिक प्रभावी इस्तेमाल संभव हो सकेगा। कंपनी ने कहा, ''इन सुधारों से लाभप्रदता में वृद्धि होगी, क्षमता विस्तार को समर्थन मिलेगा और दीर्घकालिक रूप से शेयरधारकों को बेहतर प्रतिफल मिलेगा।'

### उद्योग के लिए वर्ष 2026 नया परिवेश तैयार करेगा

# दवा क्षेत्र 2047 तक 500 अरब डॉलर का होगा, 2026 में रहेगा नया लक्ष्य

- यह वर्ष पांच वर्षीय अवधि की शुरूआत को होगा संकेत
- वर्ष 2047 तक 500 अरब डॉलर का क्षेत्र बनाने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के दवा उद्योग के लिए वर्ष 2026 आवश्यक परिवेश तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण पांच वर्षीय अवधि की शुरुआत का संकेत है, ताकि वह स्वयं को नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करते हुए वर्ष 2047 तक 500 अरब डॉलर का क्षेत्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। यह प्रयास शुल्क उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार पुनर्संरचना जैसी निकट अवधि की चुनौतियों के बीच किया जा रहा है।

देश का मुख्य रूप से जेनेरिक दवाओं पर आधारित दवा उद्योग पिछले 25 वर्ष में तीन अरब डॉलर से बढ़कर 60 अरब डॉलर के आकार तक पहुंचा है। अब अगली पीढ़ी की दवाओं में नवाचार की दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है। उद्योग साथ ही अगले सात वर्ष में विशिष्ट अधिकार समाप्त होने जा रही 300 अरब डॉलर से अधिक मूल्य की दवाओं को हासिल करने के अवसर का लाभ उठाने की भी कोशिश करेगा।

#### नवाचार का एजेंडा गति पकड़ रहा

भारतीय दवा संघ के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, '' आज भारतीय दवा उद्योग एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और अगले 25 वर्ष नवाचार, गुणवत्ता और पहुंच के आधार पर तय होंगे।'उन्होंने कहा कि देशी दवा कंपनियों में नवाचार का 'एजेंडा' उल्लेखनीय गति पकड़ रहा है।



#### अगली पीढ़ी की दवाईयों के लिए कर रही करार

महासचिव ने कहा कि भारत के नवाचार की ओर बढ़ने के उत्साहजनक संकेत देखे जा सकते हैं, क्योंकि प्रमुख भारतीय दवा कंपनियां उच्च मूल्य वाले उत्पाद खरीद रही हैं, लाइसेंस समझौते कर रही हैं और अगली पीढ़ी की दवाओं के लिये विनियामक स्वीकृतियां प्राप्त कर रही हैं। भारतीय दवा संघ (आईपीए) में 23 प्रमुख दवा कंपनियां शामिल हैं जिनमें सन फार्मा, सिप्ला, ऑरोबिंडो फार्मा और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज शामिल हैं।

#### उत्पादन मानकों को उन्नत करना होगा

मताई ने कहा कि सरकार का उत्पादन मानकों को उन्नत करने, अनुसंधान एवं नवाचार में निरंतर निवेश के लिए बौद्धिक संपदा की सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा वैश्विक गुणवत्ता मानकों के साथ तालमेल स्थापित करने पर पुनः ध्यान केंद्रित करना केवल समयानुकूल ही नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी भी है।

#### नीतिगत रफ्तार को उपलब्धियों में बदलना होगा

जैन ने कहा, '' वर्ष 2026 से आगे आने वाले पांच वर्ष क्रियान्वयन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होंगे, नीतिगत रफ्तार को ठोस उपलब्धियों में बदलने के लिए ताकि भारत वर्ष 2047 तक 450–500 अरब डॉलर का उद्योग बनने एवं वैश्विक जीवन विज्ञान नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित होने के अपने लक्ष्य को हासिल कर सके।''

- जेनरिक दवाओं का उद्योग 25 वर्ष में तीन से 60 अरब डॉलर पहुंचा

#### स्वास्थ्य उद्योग निर्णायक दशक में कर रहा प्रवेश

भारत के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा मंच 'नेट हेल्थ' की अध्यक्ष अमीरा शाह ने कहा कि स्वास्थ्य उद्योग भी 2026 से शुरू होने वाले अपने सबसे निर्णायक दशक में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, '' मुख्य उपचारों के पेटेंट समाप्त होने, नए देखभाल मॉडल के उभरने एवं सरकार द्वारा कई मुक्त व्यापार समझौतों पर चर्चा को आगे बढ़ाए जाने के साथ, भारत के पास पहुंच एवं वैश्विक नेतृत्व दोनों का विस्तार करने का अवसर है।'

#### शुल्क में उतार चढ़ाव की बनी रहेगी चुनौती

दूसरे उद्योग संगठन, भारतीय दवा उत्पादक संगठन (ओपीपीआई) ने भी माना कि वर्तमान में भारतीय दवा उद्योग एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। ओपीपीआई के महासचिव अनिल मताई ने कहा, '' शुल्क उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार पुनर्संरचना जैसी बाहरी चुनौतियां निकट अवधि में मुश्किलें पेश करने के साथ ही मजबूत एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन परिवेश बनाने के रणनीतिक महत्व को भी और मजबूती देती हैं।''

## डेक्कन गोल्ड माइंस ने किर्गिस्तान में खनन उत्पादन परीक्षण किया शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- प्रारंभिक परीक्षणों में करीब 20 से 30 हजार टन अयस्क प्रसंस्करण संभव

सोने एवं महत्वपूर्ण खनिजों की खोज एवं खनन करने वाली कंपनी डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड ने किर्गिस्तान में अपनी स्वर्ण खनन परियोजना के चालू होने से पहले प्रारंभिक परीक्षणों की शुरुआत की सोमवार को घोषणा की। प्रारंभिक परीक्षणों में कंपनी के करीब 20,000-30,000 टन अयस्क का प्रसंस्करण करने की संभावना है। परीक्षण चरण के दौरान प्राप्त सोने को बिक्री योग्य कन्संट्रेट या बिस्कुट के रूप में उत्पादित किया जाएगा जिससे क्रमिक संचालन से पहले प्रक्रिया के प्रदर्शन का प्रारंभिक सत्यापन हो सकेगा। कंपनी ने बयान में कहा, '' डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड ने किर्गिस्तान में अपने 'आल्टिन टोर गोल्ड' परियोजना को शुरू करने से पहले के परीक्षण की शुरुआत की घोषणा की है। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हनुमा प्रसाद मोदाली ने कहा कि जैसे-जैसे परियोजना शुरू होने की ओर बढ़ रही है..कंपनी का ध्यान एक वैश्विक रूप से विश्वसनीय खनन संपत्ति बनाने पर बना हुआ है।

#### देश की पहली सूचीबद्ध कंपनी


डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड, देश की पहली एवं एकमात्र सूचीबद्ध सोने की खोज कंपनी है। इसके पास भारत तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना एवं खनिज खोज संपत्तियों का रणनीतिक खंड है जिसमें आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मोजाम्बिक, किर्गिस्तान और फिनलैंड में परियोजनाएं शामिल हैं।

## सोना 1.38 लाख रुपए के नए शिखर पर और चांदी का भी नया रिकॉर्ड

- सोने की कीमत में 1,685 रुपए का रहा उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 1,685 रुपये की बढ़त के साथ 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। राजधानी में चांदी की कीमतें भी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने और चांदी के सोमवार को एक और नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से सर्राफा में तेजी का दौर जारी रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना हाजिर 80.85 डॉलर यानी 1.86 प्रतिशत बढ़कर 4,420.35 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों की रुचि काफी बढ़ गई है क्योंकि अमेरिका में ब्याज दरें कम हो रही हैं, राजकोषीय चिंताएं बढ़ रही हैं और अमेरिकी अर्थव्यवस्था अधिक अनिश्चित होती जा रही है।' उन्होंने कहा कि इससे सुरक्षित-संपत्ति की ओर बदलाव आया है। इसके अलावा, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश विकल्प की मांग भी बढ़ गई है। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 2.31 डॉलर या 3.44 प्रतिशत बढ़कर 69.45 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।



- चांदी 10,400 रुपए प्रति किलो बढ़कर 2,14,500 रुपए

## विदेशी निवेशकों की लिवाली से सेंसेक्स 638 अंक चढ़ा निफ्टी 26,000 अंक पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 638 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 26,000 अंक के ऊपर बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी निवेश तथा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद से निवेशकों की धारणा सकारात्मक रहने से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 638.12 अंक चढ़कर 85,567.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671.97 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 206 अंक चढ़कर 26,000 अंक के पार 26,172.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सर्वाधिक 3.56 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा मोटर्स, रिलायंस और मारुति प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, भारतीय स्टेट बैंक सर्वाधिक 0.6 प्रतिशत नुकसान में रहा। इसके अलावा, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन भी नुकसान में रहे।

#### आईटी और धातु क्षेत्र में रही खरीदी

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मजबूत नकदी और वैश्विक संकेतों के समर्थन से भारतीय बाजार ने साल के अंत की तेजी को बरकरार रखा है। इसका कारण 2026 में फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुद्ध लिवाली की, जिससे सकारात्मक माहौल और मजबूत हुआ।


असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

### रुपया तीन पैसे गिरकर 89.70 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर दिन के अंत में तीन पैसे टूटकर 89.70 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## बिजनेस साइट

### रिलायंस ज्वेल्स लेकर आया प्रतिष्ठित 'ड्रीम डायमंड सेल' की वापसी




**मुंबई।** रिलायंस ज्वेल्स अपने बहुप्रतीक्षित और लोकप्रिय ड्रीम डायमंड सेल की एक बार फिर वापसी कर रहा है, जो ग्राहकों को इस सीज़न को खास अंदाज़ में मनाने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। यह सेल 27 जनवरी 2026 तक चलेगी। ऐसे समय में जब लोग साल के अंत में सोच-समझकर तोहफे चुन रहे हैं, त्योहारों की खरीदारी कर रहे हैं और नए साल की शुरुआत किसी यादगार चीज़ के साथ करना चाहते हैं, यह ऑफर खास मायने रखता है। इस साल का ड्रीम डायमंड सेल इस तरह डिज़ाइन किया गया है। ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी पर हर 25,000 रुपए की खरीद पर 0.25 ग्राम का फ्री गोल्ड कॉइन मिलेगा। यह सीज़न डायमंड और गोल्ड-दोनों को एक साथ घर लाने का अनोखा मौका देता है, जिससे खरीदारी और भी खास और यादगार बन जाती है। इसके अलावा, सेल अवधि के दौरान 75,000 रुपए या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी खरीद पर गोल्ड मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 20 प्रतिशत की छूट का लाभ भी ग्राहक उठा सकते हैं।

### वीआईटी चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय कानून के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण पर सम्मेलन



**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय कानून के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मंगलवार को वीआईटी चेन्नई में आयोजित किया गया, जिसमें वक्ताओं ने भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। नीदरलैंड्स के हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश लियोनार्डो नेमर काल्देइरा ब्रांट मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने सायंकाल समापन संबोधन दिया।

वीआईटी के उपाध्यक्ष डॉ. जी.वी. सेल्वम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. सुरेश कुमार ने विशेष संबोधन दिया। अपने संबोधन में ब्रांट ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का एक प्रमुख उद्देश्य देशों को पर्यावरणीय क्षति पहुंचाने से रोकने के लिए सकारात्मक कार्रवाई करना है।

उन्होंने कहा, "प्रत्येक राष्ट्र से अपेक्षा की जाती है कि वह जलवायु प्रणाली को नुकसान से बचाने के लिए समुचित सावधानी (ड्यू डिलिजेंस) बरते।"

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट | रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

## खबर संक्षेप



### पिंकाथॉन में 115 दृष्टिबाधितों महिलाओं ने लगाई दौड़

**मुंबई।** पिंकाथॉन के 10वें सत्र के विभिन्न श्रेणियों में रिकॉर्ड 115 दृष्टिबाधित महिलाओं के साथ 5,300 से अधिक महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह किसी दौड़ स्पर्धा में दृष्टिबाधित महिलाओं की विश्व रिकॉर्ड संख्या है। दो दिवसीय आयोजन में सभी आयु वर्ग के धावकों ने भाग लिया। इस आयोजन में तीन किमी, पांच किमी और 10 किमी की दौड़ शामिल थीं। पियुषा लोहार ने तीन किमी की दौड़ 12:23 मिनट में जीती, उनके बाद ओवी पाटिल (13:00) और ज्योति पंजाबी (14:16) दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पांच किमी वर्ग में यामिनी ठाकरे ने 18:18 मिनट के समय के साथ पहला स्थान प्राप्त किया जबकि कोमल खांडेकर (20:16) और श्रेया ओझा (22:03) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पद्मा करांडे ने 10 किमी की दौड़ 42:06 मिनट के समय में जीती, जबकि अंचल मारवाह (48:16) और शालिनी सिंह (48:52) ने पोडियम पर अपनी जगह बनाई।

### विश्व कप में हारने के बाद हो गया था निराश

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए कहा कि 2023 में खेले गए वनडे विश्व के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली दिल तोड़ने वाली हार के बाद उन्होंने संन्यास लेने पर विचार किया था क्योंकि उन्हें लगा कि 'इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है।' भारत ने घरेलू मैदान पर खेले गए इस वनडे विश्व कप में रोहित की कप्तानी में शानदार प्रदर्शन किया था तथा लगातार नौ मैच जीत कर फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन इस महत्वपूर्ण मैच में उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शतक लगाया था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। रोहित ने कहा, 'वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मुझे ऐसा लगा कि मैं अब यह खेल नहीं खेलना चाहता क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है।'




### प्रणवी आईजीपीएल टूर में खेलेंगी जीव मिल्खा के साथ

**कोलंबो।** पुरुष खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए पेशेवर टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं प्रणवी उर्स कोलंबो में आयोजित होने वाले आईजीपीएल के सत्र के अंतिम टूर्नामेंट में दिग्गज जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा जैसे खिलाड़ियों को चुनौती देते दिखेंगी। प्रणवी ने 20 नवंबर को 'आईजीपीएल आमंत्रण मुंबई' में जीत के साथ इतिहास रचा था। एशियाई टूर के शीर्ष खिलाड़ी ज्योति रंधावा भी पहली बार इस टूर्नामेंट में शामिल होंगें। वह अब जीव मिल्खा सिंह के साथ यूरोपीय लीजेंड्स टूर में खेलते हैं। मौजूदा सत्र में दो जीत दर्ज करने वाले गगनजीत भुल्लर और ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे अमन राज शीर्ष स्थान पर अपनी जगह पक्की करने के लिए जोर लगाएंगे। रिद्धिमा दिलावरी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारत और श्रीलंका के 60 (47 पेशेवर और 17 एमेच्योर) खिलाड़ियों में शामिल है।

### झारखंड टीम का ऐलान ईशान बने कप्तान

**रांची।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी एलीट 2025-26 के लिए झारखंड का कप्तान नियुक्त किया गया है। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) ने इसकी पुष्टि की है। झारखंड की इस टीम में अनुभव और युवाओं का मिश्रण है। इनमें कुमार कुशाग्र, अनुकूल रॉय, रॉबिन मिंज, अभिनव शरण और विराट सिंह शामिल हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 10 पारियों में 57.44 की औसत से 517 रन बनाए।





# एस्टन विला की लगातार 10वीं जीत, मैनचेस्टर को दी मात

## यूनाइटेड को 2-1 से हराया

**एजेंसी ▸▸ मैनचेस्टर**

मॉर्गन रोजर्स के दो गोल की मदद से एस्टल विला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराकर खुद को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में बनाए रखा। एस्टन विला की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार दसवीं जीत है। वह ईपीएल की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है और शीर्ष पर काबिज आर्सेनल से केवल तीन अंक पीछे है। रोजर्स ने अपना पहला गोल 45वें और दूसरा गोल 57वें मिनट में किया। यूनाइटेड के लिए एकमात्र गोल मैथियस कुन्हा ने किया। इस तरह से एस्टन विला का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। उसने लीग में अपने पिछले 12 मैचों में से 11 में जीत हासिल की। यह हार यूनाइटेड के लिए एक और झटका है। वह अपने पिछले आठ मैचों में से केवल दो में जीत हासिल कर पाया है और वह तालिका में सातवें स्थान पर है।

# बार्सिलोना की विलारियल पर आसान जीत




**एजेंसी ▸▸ मैड्रिड**

राफिन्हा और लामिन यामल के गोल की बदौलत बार्सिलोना ने विलारियल की टीम को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। बार्सिलोना ने इस जीत से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बनाए रखी। राफिन्हा ने 12वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके करके बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। यह उनका लीग में इस सत्र का सातवां गोल था।

इसके बाद यामल ने 63वें मिनट में बार्सिलोना की तरफ से दूसरा गोल किया। उनका भी यह इस सत्र का सातवां गोल है। इस तरह से बार्सिलोना ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। विलारियल की हार के कारण एटलेटिको मैड्रिड ने तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। उसने एक अन्य मैच में गिरोना को 3-0 से हराया।

## भारत बनाम श्रीलंका महिला टी20 : आज शाम 7 बजे से दूसरा मैच

# श्रीलंका पर जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया, फील्डिंग बनेगी परीक्षा

**एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम**

पहले मैच में बड़ी जीत हासिल करने से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार 23 दिसंबर को होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरेगी तो वह फील्डिंग के स्तर को बेहतर करके अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को केवल छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया था लेकिन इस बीच उसकी फील्डिंग अपेक्षानुरुप नहीं रही और उसने कुछ कैच छोड़े।



### टीमें इस प्रकार

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

### हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं : हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, 'हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं। पता नहीं क्यों हम बार-बार कैच छोड़ रहे हैं। मैदान गीला था, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। यह एक ऐसी चीज है, जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अगले मैच में हम बेहतर रणनीति के साथ उतरेंगे।' विश्व कप की सफलता के बाद भारतीय टीम को छह सप्ताह का ब्रेक मिला। इसके बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक सप्ताह के शिविर में भाग लिया था। फील्डिंग में थोड़ी बहुत कमी आना लगभग अपेक्षित था और कप्तान को लगता है कि टीम बहुत जल्द लय में आ जाएगी। हरमनप्रीत ने कहा, 'हम एक महीने बाद खेल रहे हैं। हम खुद को बेवजह चुनौती नहीं देना चाहते। हम बस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।'

### भारतीय टीम काफी मजबूत

कागजों पर भी भारतीय टीम मजबूत नजर आती है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों काफी मजबूत हैं। सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही जेमिमा रोड्रिग्स ने विश्व कप के अपने शानदार प्रदर्शन को यहां भी जारी रखा। भारत के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का टीम में शामिल होना रहा, जिन्हें हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में नजरअंदाज कर दिया गया था। वैष्णवी को भले की कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने चार ओवर में केवल 16 रन दिए और एक भी चौका नहीं लगने दिया। शैफाली वर्मा के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है तथा वह उस प्रारुप में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जो उनकी बल्लेबाजी शैली के अनुरुप है।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# पंजाब के लिए खेलेंगे शुभमन टीम में अभिषेक-अर्शदीप भी



**एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़**

भारतीय टेस्ट एवं वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल, विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को 50 ओवर प्रारुप में खेले जाने वाले विजय हजारे ट्रॉफी के लिए पंजाब की टीम में शामिल किया गया।

यह चयन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के राष्ट्रीय वनडे चैंपियनशिप में अनिवार्य भागीदारी के निर्देश के अनुरुप है। गिल को टी20 विश्व कप के लिए घोषित भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। अभिषेक और अर्शदीप नियमित रूप से भारत के लिए टी20 मैच खेलते हैं। अर्शदीप को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला की टीम में शामिल किया जाता है तो वह और गिल विजय हजारे ट्रॉफी में शुरुआती दो तीन मैचों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। अभिषेक कुछ अधिक मैचों में टीम का प्रतिनिधित्व कर सकते है।

### 26 दिसंबर को पंजाब और छत्तीसगढ़ के बीच मुकाबला

टीम शुरुआती दो मैचों में महाराष्ट्र (24 दिसंबर) और छत्तीसगढ़ (26 दिसंबर) का सामना करेगी। मुंबई और पंजाब का मुकाबला आठ जनवरी को होगा और उस समय तक मुंबई के रोहित शर्मा और पंजाब के गिल दोनों ही उपलब्ध नहीं होंगे। विजय हजारे ट्रॉफी के लिए पंजाब की टीम में शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, अनमोलप्रीत सिंह, उदय सहारन, नमन धीर, सलिल अरोड़ा (विकेटकीपर), सनवीर सिंह, रमनदीप सिंह, जशनप्रीत सिंह, गुरनूर बराड़, हरप्रीत बराड़, रघु शर्मा, कृष भगत, गौरव चौधरी और सुखदीप बाजवा शामिल है।

## क्रिकेट

# एमआई एमिरेट्स ने डेजर्ट वाइपर्स को हराया, शाकिब का शानदार प्रदर्शन



**एजेंसी ▸▸ दुबई**

शाकिब अल हसन के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से एमआई एमिरेट्स ने तालिका में शीर्ष पर काबिज डेजर्ट वाइपर्स को चार विकेट से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

शाकिब (चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट) की कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने वाइपर्स को सात विकेट पर 124 रन पर रोक दिया। वाइपर्स की तरफ से डैन लॉरेंस ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई एमिरेट्स की टीम पावरप्ले में लड़खड़ा गई लेकिन कीरोन पोलार्ड की 15 गेंदों पर खेली गई 26 रन की पारी ने मुकाबले का रुख निर्णायक रूप से पलट दिया। इसके बाद शाकिब (नाबाद 17) डटे रहे और उन्होंने विजयी चौका लगाकर टीम का स्कोर 17.3 ओवर में छह विकेट पर 128 रन पर पहुंचाया।

### डेब्यू मैच में विकेट नहीं मिलने से नहीं हूं निराश : वैष्णवी

**विशाखापत्तनम।** भारत की बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने कहा कि महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में विकेट नहीं मिलने के बावजूद अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने से उन्हें खुशी हुई। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पहले मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया तथा चार ओवर में 16 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारत ने इस मैच में आठ विकेट से शानदार जीत हासिल की। वैष्णवी ने कहा, 'विकेट नहीं मिलने से मैं किसी भी तरह से निराश नहीं हूं। मुझे खुशी है कि मैं अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने में सफल रही। अभी चार मैच खेले जाने बाकी हैं।' उन्होंने कहा कि अपना पहला मैच खेलने से पहले वह थोड़ा नर्वस थी लेकिन राष्ट्रगान सुनने से उन्हें आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिली। वैष्णवी ने कहा, 'शुरू में मैं थोड़ी नर्वस थी लेकिन राष्ट्रगान के बाद सहज हो गई थी।'



### जाधव ने एयर राइफल में जीता स्वर्ण पदक

*भोपाल। नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने 68वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ओलंपियन अर्जुन बबूता को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। जाधव ने 252.1 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि बबूता ने 251.4 अंक के साथ रजत पदक जीता। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 229.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अर्जुन के रेलवे की टीम के साथी शाहू तुषार माने 209.3 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। हिमांशु (181.1), रामायण तोमर (166.7), ओंकार विकास वाघमारे (145.4) और प्रदीप सिंह (123.3) ने भी फाइनल में जगह बनाई। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर फाइनल में गुजरात के मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 254.3 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने 251.6 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि ओंकार विकास वाघमारे ने 230.1 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक अपने नाम किया।*

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 323 रन से हराया, सीरीज की अपने नाम


**एजेंसी ▸▸ माउंट माउंगानुई**

तेज गेंदबाज जैकब डफी ने 42 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवे और अंतिम दिन सोमवार को 323 रन से बड़ी जीत हासिल करके तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। वेस्टइंडीज के सामने 462 रन का मुश्किल लक्ष्य था। उसने सुबह अपनी दूसरी पारी बिना किसी नुकसान के 43 रन से आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 138 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें ब्रैंडन किंग ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से डफी के अलावा अयाज पटेल ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए।



### डफी ने हैडली को छोड़ा पीछे

न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज ने 420 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 306 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। उसकी तरफ से कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने दोनों पारियों में शतक लगाने का कारनामा किया। डफी ने एक कैलेंडर वर्ष में 80 विकेट लेने के रिचर्ड हैडली के न्यूजीलैंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस श्रृंखला में 15.4 के औसत से 23 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने तीन बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा भी किया।






# वैज्ञानिक हैरान, अब प्राचीन इतिहास का खुलेगा रहस्य

# मुस्लिम देश मिस्र में मिला 4500 साल पुराना सूर्य मंदिर

काहिरा। मिस्र में पुरातत्वविदों ने 4,500 साल पुराना सूर्य देव का मंदिर खोजा है। राजधानी काहिरा में यह खोज हुई है। इस मंदिर से मिस्र की प्राचीन सभ्यता की महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस खोज से मिस्र के प्राचीन इतिहास को जानने में मदद मिल सकती है। पुरातत्व विभाग ने मिस्र की राजधानी काहिरा में एक खोज की है, जिसने दुनिया को हैरान कर दिया है। यहां पर एक सूर्य मंदिर खोजा गया है, जो करीब 4500 साल पुराना है। प्राचीन समय में इस मंदिर के कुछ हिस्सों को तोड़ दिया गया, जहां पर पांचवें साम्राज्य के छठे राजा ने अपने मंदिर का निर्माण कराया। पुरातत्व विभाग ने कई वर्षों की खोज और कड़ी मेहनत के बाद ऐतिहासिक मंदिर के अवशेषों को सुरक्षित ढंग से खोजा है। यह मिस्र की प्राचीन सभ्यता की महत्वपूर्ण झलक दिखाता है। मिस्र के पुरावशेष और पर्यटन मंत्रालय की तरफ से मंदिर की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शेयर की गई हैं। मंत्रालय ने बताया इटली और पोलैंड के संयुक्त आर्कियोलॉजिकल मिशन के तहत यह खोज की गई है।

### क्या-क्या खोज में मिला?

इटली और पोलैंड की संयुक्त खोज टीम ने मंदिर के अंदर से मिट्टी के बर्तन और बियर ग्लास भी खोजे हैं, जिससे प्राचीन मिस्र के जीवन और पूजा पद्धति को समझने में मदद मिल सकती है। मंदिर के अवशेषों में पांचवें साम्राज्य के राजाओं के नाम वाले कुछ टिकट खोजे गए हैं। पुरावशेष और पर्यटन मंत्रालय ने बताया कि मंदिर की इमारत के कुछ हिस्सों को बाद में पांचवें साम्राज्य के छठे फारोह ने ध्वस्त करवा दिया था। उन्होंने अपना मंदिर बनवाने के लिए ऐसा किया।



### विज्ञान और खगोल ज्ञान का केंद्र भी था मंदिर

वैज्ञानिकों ने मंदिर के अंदर पत्थरों पर उकेरा धार्मिक कैलेंडर खोजा है। इसमें सोकार, मिन और रा से जुड़े त्योहारों की जानकारी दी गई है। सबसे खास बात यह है कि मंदिर की छत का इस्तेमाल तारों और ग्रहों के अध्ययन के लिए होता था। इससे पता चलता है कि यह पूजा स्थल नहीं, बल्कि विज्ञान और खगोल ज्ञान का केंद्र भी था।

### 10 हजार वर्ग फीट में फैला था मंदिर

मंदिर करीब 10,000 वर्ग फीट में फैला था। इसकी भव्यता का अंदाजा सफेद चूना पत्थर की नक्काशी, ग्रेनाइट के स्तंभ, गलियारे और छत तक जाने वाली सीढ़ियों से लगाया जा सकता है। इसमें एक ढलान भी खोजी गई, जो नील नदी या उसकी किसी शाखा से जुड़ी मानी जा रही है। संभावना है कि नावों से श्रद्धालु यहां आते थे।



# वियतनाम में जाते ही आपको आएगी रईसों वाली फीलिंग

## जहां आपके 10 रुपए बन जाते हैं 3 हजार



इनोई। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है जहां लोग बता रहे हैं कि दुनिया का वो देश कौन सा है जहां भारतीय रुपये की वैल्यू इतनी ज्यादा हो जाती है कि पहुंचते ही अमीर वाली फीलिंग आने लगती है। जी हां, हम बात कर रहे हैं वियतनाम की, जहां वर्तमान एक्सचेंज रेट के अनुसार 1 भारतीय रुपया करीब 290-295 वियतनामी डोंग के बराबर है। यानी आपके 10 रुपए वहां बदलते ही लगभग 3000 डोंग बन जाते हैं। ढेर सारे हाई डेनॉमिनेशन नोट्स हाथ में देखकर हर भारतीय टूरिस्ट को मिलियनेयर जैसा फील होता है। वियतनाम की करेंसी है वियतनामी डोंग और इसके नोट्स पर राष्ट्रपिता हो ची मिन्ह की तस्वीर छपी होती है। सबसे बड़े नोट 5 लाख डोंग के होते हैं, जो भारतीय रुपए में सिर्फ 1700-1800 रुपए के बराबर होते हैं। लेकिन, जब आप एक्सचेंज कराते हैं तो जेब में लाखों-करोड़ों डोंग आ जाते हैं, जो देखने में बेहद मजेदार लगता है। 2025 में भी यहां एक्सचेंज रेट स्थिर है, जहां 1 आईएनआर = लगभग 292 वीएनडी है। हालांकि, रेट रोज बदलते हैं।

### अमीरों जैसा करें फील

भारतीय टूरिस्ट्स अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करते हैं जहां वे ढेर सारे डोंग नोट्स पकड़े मुस्कुरा रहे होते हैं। लेकिन, यह सिर्फ नंबर गेम नहीं है। वियतनाम में चीजें वाकई सस्ती हैं। एक प्लेट फेमस फो सूप (नूडल सूप) मात्र 30 हजार -50 हजार डोंग में मिल जाता है, जो 100-170 रुपए होते हैं। स्ट्रीट फूड, कॉफी और लोकल ट्रांसपोर्ट बेहद अफोर्डेबल है। हा लॉन्ग बे पर लग्जरी क्रूज, जो भारत में हजारों रुपए खर्च कराती है, वहां बजट में हो जाती है। हनोई, हो ची मिन्ह सिटी, दा नांग और होइ आन जैसे शहरों में होटल, स्पा और शॉपिंग भारतीयों के लिए जन्नत जैसी लगती है। पिछले कुछ सालों में वियतनाम भारतीय टूरिस्ट्स की टॉप डेस्टिनेशन बन गया है। इसकी वजह है आसान वीजा (ई-वीजा या वीजा ऑन अराइवल), सस्ती फ्लाइट्स और मजबूत रुपये की वैल्यू।







# इस शापित गांव की कहानी है रहस्यमयी, जहां बड़ी होते ही लड़कियां बन जाती हैं लड़का

रोसेउ। किसी का लड़का या लड़की के रूप में जन्म लेना कुदरत की देन है। जन्म से पहले ही इंसान का जेंडर तय हो जाता है। लेकिन, इंसानों ने इतनी तरक्की कर ली है कि सर्जरी के जरिए अब जेंडर तक बदला जा सकता है। दुनिया में कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने सर्जरी के माध्यम से अपना जेंडर बदल दिया है। हालांकि, ऐसा सर्जरी के माध्यम से ही संभव है, लेकिन क्या आपको पता है कि धरती पर एक ऐसा भी गांव है जहां एक उम्र के बाद लड़कियां लड़का बन जाती हैं, वो भी बिना किसी सर्जरी के? ये बात हैरान करने वाली जरूर है, लेकिन बिल्कुल सच है।

इस गांव का नाम है ला सेलिनास जो कि डोमिनिकन



रिपब्लिक देश में है। इस गांव की कई लड़कियां 12 साल की उम्र में आते-आते लड़के में तब्दील होने लगती हैं। लड़कियों के साथ ऐसा क्यों होता है, इस रहस्य का आज तक वैज्ञानिक भी पता नहीं लगा पाए हैं, लेकिन लड़कियों के साथ होने वाले इस बदलाव की वजह से लोग इस गांव को श्रापित गांव मानते हैं। ला सेलिनास गांव की लड़कियों के लड़का बनने की अजीब बीमारी की वजह से यहां के लोग बेहद परेशान रहते हैं। कई लोग तो ये भी मानते हैं कि इस गांव में किसी अदृश्य शक्ति का साया है। वहीं, कुछ बुजुर्ग गांव को श्रापित मानते हैं। इस गांव में ऐसे बच्चों को 'ग्वेदोचे' कहा जाता है।

आलम यह है कि इस गांव के लोग लड़कियों के पैदा होने से घबराते हैं। सिर्फ यहीं नहीं, जब गांव में किसी के घर लड़की का जन्म होता है तो उस परिवार में मातम पसर जाता है, क्योंकि उन्हें डर होता है कि उनकी बेटी बड़ी होने पर लड़का बन जाएगी। इस बीमारी की वजह से गांव में लड़कियों की संख्या भी काफी कम होती जा रही है। ये गांव समुद्र किनारे बसा हुआ है और गांव की आबादी करीब 6 हजार है।







## लाखों साल पहले धरती पर करता था राज

# 1500 किलो का जंगली गुंडा, जिसके सामने हाथी भी लगते थे बच्चे

न्यूयार्क। दुनिया से सबसे बड़े भालुओं (ध्रुवीय भालू) के आने से बहुत पहले दक्षिण अमेरिका में एक ऐसा विशाल जीव रहता था जिससे सभी जानवरों की रूह कांपती थी। इसका नाम था आर्कटोथेरियम एंगुस्टिडेंस। यह इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा भालू माना जाता है। जब यह अपने पैरों पर खड़ा होता था तो इसकी ऊंचाई 3.5 मीटर तक पहुंच जाती थी। इसका वजन 1,500 किलो से भी ज्यादा था। आज के समय का सबसे बड़ा ध्रुवीय भालू लगभग 700 किलो का होता है।

**कितने साल पहले रहता था भालू :** यह विशालकाय भालू आज से लगभग 10 से 20 लाख पहले धरती पर रहता था। उस समय दुनिया में हाथी जैसे दिखने वाले मैस्टोडॉन और स्लॉथ जैसे बड़े जानवर पाए जाते थे। इसके अवशेष मुख्य रूप से अर्जेंटीना, उरुग्वे और ब्राजील में मिले हैं। यह दक्षिण अमेरिका के उन बड़े मैदानों और जंगलों में रहता था जहां शिकार के लिए कई सारे जानवर थे।



### बेहद खतरनाक था ये भालू

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह विशालकाय भालू खाने के मामले में बहुत खतरनाक था। यह मांस और पेड़-पौधे दोनों खाता था, लेकिन ज्यादातर यह मांस पर ही निर्भर रहता था। यह अपने समय के बड़े, लेकिन कमजोर शाकाहारी जानवरों का शिकार आसानी से कर लेता था। उस समय के खूंखार जानवर, यहां तक की हाथी भी इसके सामने नहीं टिकते थे। सीधे शब्दों में कहें तो यह उस समय जंगल का ऐसा गुंडा था जिससे सब डरते थे।

### कैसे विलुप्त हुआ ये जंगली गुंडा?

जलवायु परिवर्तन और बड़े जानवरों की कमी होने की वजह से इसे खाना मिलना लगभग बंद हो गया। इतने भारी शरीर को चलाने के लिए बहुत ज्यादा मांस की जरूरत थी जो मिलना मुश्किल हो गया था। इसके खत्म होने के बाद दुनिया में फिर कभी इतना बड़ा भालू पैदा नहीं हुआ। यह धरती पर कभी चलने वाले सबसे बड़े मांसाहारी जीवों में से एक था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com